वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 | अंक : 114 | रविवार 18 अगस्त 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर




# तिरंगे में भी धर्म छिपा हुआ है: मुनि प्रणम्य सागर

## पांच दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर का आज रविवार को होगा समापन

**जयपुर. कासं**

मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। साथ ही पांच दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों ने मौन व एकान्त रहकर आत्म साधना करते हुए स्व कल्याण की क्रियाएं की। कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन एवं अशोक गोधा ने बताया कि शिविरार्थी बाहरी सांसारिक गतिविधियों से दूर रहकर बिना मोबाईल के बिल्कुल मौन रहकर आत्म साधना कर रहे हैं। कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन एवं अशोक छाबड़ा ने बताया कि इस शिविर में मुनि श्री ने क्षणिक और सदैव व्यस्त जीवन एवं क्षण भंगुरता में कुछ क्षण स्वयं के लिए निकालने के उपाय बताए। मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में लगाई गई शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी की सजीव रचना की झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उमड़े। अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर 78 वां स्वतंत्रता दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। इससे पूर्व आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई।



आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढ़ाया गया। तत्पश्चात समाजश्रेष्ठी एवं प्रतिमाधारी व्रती धर्म चन्द जैन एवं शीतल कटारिया परिवार द्वारा तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात मुनि भक्त महावीर कासलीवाल एवं परिवारजनों ने प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, दर्शन बाकलीवाल, सुभाष बज, सुधीर कासलीवाल ने मुनि श्री को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में तिरंगे के बारे में बताया कि तिरंगे झण्डे के तीन रंगों में भी धर्म छिपा हुआ है। गहरा केसरिया रंग मंगलता, शुभता एवं पवित्रता का प्रतीक है। यह पंच परमेष्ठी में आचार्य परमेष्ठी का रंग है। सफेद रंग स्वच्छता,निर्मलता, शुद्धता का प्रतीक है। यह आत्मा के उज्जवल भावों की विशुद्धि को दशार्ता है। हरा रंग समृद्धि का प्रतीक है। समृद्धि कृषि से आती है। बीच का चक्र धर्म चक्र की याद दिलाता है।यदि देश में सुख शांति बनी रहेगी तो यह धर्म चक्र की याद दिलाता रहेगा। मुनि श्री ने सभी को धर्म से पहले देश हित की सोचने तथा देश हित में कार्य करने की सलाह दी। समिति के कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन एवं अशोक गोधा ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शनिवार, 17 अगस्त को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि पांच दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर का रविवार, 18 अगस्त को समापन होगा।

रक्षाबंधन पर्व पर विशेष

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन

विजय कुमार जैन राघौगढ़ म.प्र.



भारतीय संस्कृति में पर्वों का प्राचीनकाल से विशेष महत्व रहा है। प्रत्येक त्यौहार के साथ धार्मिक मान्यताओं, सामाजिक एवं ऐतिहासिक घटनाओं का संयोग प्रदर्शित होता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी अपना संदेश आम जनता तक पहुँचाने के लिये त्यौहारों एवं मेलों का मंच के रूप में उपयोग होता था। हम चर्चा कर रहे हैं ऐसे ही पर्व रक्षाबंधन की। रक्षाबंधन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का प्रमुख त्यौहार माना जाता है जो श्रावण मास पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहन अपनी रक्षा के लिये भाई को राखी बांधती है। यह पर्व मात्र रक्षा का संदेश नहीं देता, अपितु प्रेम, समर्पण, निष्ठा व संकल्प के द्वारा हृदयों को भी बांधने का वचन देता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है ''मयि सर्व मिदंप्रोक्तं सूत्रे मणिगणाइव'' अर्थात सूत्र अविच्छन्नता का प्रतीक है क्योंकि सूत्र/धागे बिखरे हुए मोतियों को अपने में पिरोकर एक माला में एकाकार बनाता है। माला के सूत्र की तरह रक्षासूत्र भी लोगों को जोड़ता है। पुराणों में रक्षाबंधन का उल्लेख मिलता है। रक्षा हेतु इन्द्राणी ने इन्द्र सहित देवताओं की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और इन्द्र ने राक्षसों से युद्ध में विजय पायी। एक कथा के अनुसार राजा बलि को दिये वचन अनुसार भगवान विष्णु बैकुंठ छोड़कर बलि के राज्य की रक्षा के लिये चले गये। तब देवी लक्ष्मी ने ब्राह्मणी का रूप धर श्रावण पूर्णिमा के दिन राजा बलि की कलाई पर पवित्र धागा बांधा, उनके कहने पर बलि ने भगवान विष्णु से बैकुंठ लौटने की विनती की। रावण की बहन शूर्पणखा लक्ष्मण के द्वारा नाक काटने के पश्चात रावण के पास पहुंची और खून से मैली साड़ी का एक छोर रावण की कलाई में बांध दिया और कहा भैया जब-जब आप अपनी कलाई को देखोगे आपकी अपनी बहन का अपमान याद आयेगा और मेरी नाक काटने वालों से तुम बदला ले सकोगे। भगवान श्री कृष्ण के हाथ में चोट लगने पर एक बार द्रौपदी ने अपनी चुनरी का किनारा फाड़ कर घाव पर बांध दिया था। दुशासन द्वारा द्रौपदी का चीरहरण प्रयास इसी बंधन के प्रभाव से असफल हुआ। श्री कृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा की। युधिष्ठिर ने एक बार श्रीकृष्ण से पूछा कि वह महाभारत के युद्ध में कैसे बचेंगे , जवाब में श्री कृष्ण ने कहा राखी का धागा ही तुम्हारी रक्षा करेगा। सिकन्दर व पौरस के युद्ध के पूर्व रक्षा सूत्र का आदान प्रदान हुआ था। दोनों ने रक्षा सूत्र की मर्यादा का पालन किया था। मुगल काल में मुगल सम्राट हुमायूँ चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण करने बढ़ा तो राणा सांगा की विधवा कर्मवती ने हुमायूँ को राखी भेजकर अपनी रक्षा का वचन लिया। हुमायूँ ने इसे स्वीकार करके चित्तौड़ पर आक्रमण का विचार मन से निकाल दिया और आगे राखी का वायदा निभाने के लिये चित्तौड़ की रक्षा हेतु गुजरात के बादशाह से भी युद्ध किया। स्वाधीनता आन्दोलन में भी बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधकर देश को आजाद कराने का वचन लिया। सन 1905 में बंग-भंग आन्दोलन का शुभारंभ एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर हुआ। आजादी के आन्दोलन की एक घटना चन्द्रशेखर आजाद से जुड़ी हुई है। आजाद एक तूफानी रात शरण लेने एक विधवा के घर पहुंचे। पहले तो उसने उन्हें डाकू समझकर शरण देने से मना कर दिया। बाद में यह पता चलने पर कि वह क्रांतिकारी आजाद है तो ससम्मान उन्हें घर के अंदर ले गई। बातचीत के दौरान आजाद को पता चला कि उस विधवा को गरीबी के कारण जबान बेटी की शादी हेतु काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। यह जानकर आजाद को वहुत दुख हुआ। उन्होंने विधवा को प्रस्ताव दिया कि मेरी गिरफ्तारी पर पाँच हजार रुपये का इनाम है, तुम मुझे अंग्रेजों को पकड़वा दो और उस इनाम से बेटी की शादी कर देना, यह सुनकर विधवा रो पड़ी व कहा भैया तुम देश की आजादी हेतु अपनी जान हथेली पर रखकर चल रहे हो और न जाने कितनी बहू-बेटियों की इज्जत तुम्हारे भरोसे है, मैं हरगिज ऐसा नहीं कर सकती। यह कहते हुए उसने एक रक्षा सूत्र आजाद के हाथ पर बांधकर देश सेवा का वचन लिया। सुबह जब विधवा की आँख खुली तो आजाद जा चुके थे और तकिये के नीचे पाँच हजार रुपये रखे हुए थे, साथ ही उसके साथ एक पर्चा रखा था जिस पर लिखा था कि अपनी प्यारी बहन हेतु एक छोटी सी भेंट -आजाद। भारत में रक्षाबंधन का त्यौहार अलग अलग तरीकों से अपनी मान्यता अनुसार मनाया जाता है। मुंबई के समुद्री क्षेत्रों में नारियल पूर्णिमा या कोकोनट फुलमून के नाम से मनाया जाता है। उत्तराखंड के चम्पावत जिले के देवीधूरा में राखी पर्व पर बाराहीदेवी को प्रसन्न करने के लिये पाषाणकाल से ही पत्थर युद्ध का आयोजन किया जाता है। इस युद्ध में आज तक कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जैन धर्म में रक्षाबंधन पर्व का विशेष महत्व है। प्राचीन काल में मुनि अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों पर असुरों द्वारा हस्तिनापुर में उपसर्ग किया। सभी मुनियों को बंदी बनाकर बलि देने का निर्णय लिया। मुनि विष्णु कुमार को इसका पता चला तो उन्होंने अपनी वैक्रिया ऋद्धि के द्वारा असुर शक्तियों को निर्बल किया तथा 700 मुनियों की मुनि अकम्पनाचार्य सहित रक्षा की। मुनियों की रक्षा की स्मृति में यह रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। 700 जैन मुनियों की रक्षा हुई थी, रक्षाबंधन पर्व का नाम करण जैनाचार्य संत शिरोमणी विद्या सागर जी के परम प्रभावक शिष्य निर्यातक मुनि सुधा सागर जी ने ''श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस'' किया है। इस दिन जैन मंदिरों में 700 मुनियों की रक्षा के उपलक्ष्य में श्रमण रक्षा विधान पूजन किये जाते है। सभी 700 जैन मुनियों का स्मरण कर उन्हें अर्घ चढ़ाये जाते हैं। मुनि सुधा सागर जी जिस तीर्थ या नगर में चातुर्मास करते हैं वहाँ श्रमण संस्कृति रक्षा विधान पूजन भक्ति भाव से उनके पावन सानिध्य की जाती है। 19 अगस्त को भाग्योदय तीर्थ सागर नगर में ससंघ चातुर्मास कर रहे मुनि सुधा सागर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं कुशल निर्देशन में श्रमण संस्कृति रक्षा विधान भक्ति भाव से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर धर्म और संस्कृति की रक्षा के प्रतीक रक्षासूत्र बांधते हैं। रक्षाबंधन पर्व की एक रोचक घटना हरियाणा के फतेहपुर गाँव की है। फतेहपुर में सन 1857 में एक युवक गिरधरलाल को रक्षाबंधन के दिन अंग्रेजों ने तोप से बांधकर उड़ा दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने गिरधरलाल को शहीद का सम्मान देकर रक्षाबंधन पर्व मनाना बंद कर दिया। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सन 2006 में इस गाँव के लोगों ने रक्षाबंधन पर्व पुनः मनाने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर्व का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व हमारे सामाजिक परिवेश एवं मानवीय मूल्यों का अभिन्न अंग है। आज आवश्यकता है आडंबर के बजाय इस त्यौहार के पीछे छुपे हुए संस्कारों और नैतिक मूल्यों का सम्मान किये जाने की। तभी व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव होगा।

## 78 वे स्वतंत्रता दिवस पर युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा झंडारोहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



जयपुर. शाबाश इंडिया

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा 78 वे स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया गया। परिषद के अध्यक्ष अशोक बिंदायका (जोला वाले) एवम महामंत्री पारस जैन बोहरा (दूदू वाले ) ने बताया कि युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के शुभ पावन अवसर पर शिव एनक्लेव पार्क वर्धमान सरोवर मे परिषद द्वारा झंडारोहण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजीव जैन एवं सतीश कासलीवाल द्वारा झंडारोहण किया गया। कार्यक्रम मे परिषद द्वारा 101 पौधे लगाए गए। वह आने वाले सभी सदस्यों को पौधे भी वितरीत किए गए। कार्यक्रम मे लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे अमित बाकलीवाल, मनोज जैन,रुचि सेठी,राहुल सोगानी,मुकेश जैन,दौलत गंगवाल,लक्ष्मी बिंदायका, आशा बाकलीवाल रेणु बक्षी,लक्ष्य बिंदायका,मनीष जैन,मिताली बिंदायका,नव्य बोहरा,आदि सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद आने वाले सभी सदस्यों को अल्पाहार भी दिया गया। अंत में परिषद के महामंत्री पारस जैन बोहरा ने आने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

## संवारें बचपन की बालिकाओं ने सैनिक भाईयों को रक्षा सूत्र बांधे



जयपुर. शाबाश इंडिया

कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिनांक 17 अगस्त 2024, शनिवार को रक्षा-बंधन के पावन पर्व के उपलक्ष में संस्था की योजना ''संवारें-बचपन'' की बालिकाओं ने विजयद्वार, सैन्य रक्षा-क्षेत्र, जयपुर में सैनिक भाईयों को रक्षा-सूत्र बांधे। रक्षा बन्धन पर बालिकाओं ने हमारे देश की सुरक्षा करने वाले सैनिकों के हाथों पर रक्षा के प्रतीक धागों को बांधकर सुरक्षा के वचन को साकार रूप दिया। और सैनिक भाईयों ने सभी बालिकाओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।




# श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर की संस्था श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति ने लगातार तीन दिन तक रक्तदान शिविर लगाकर हैट्रिक बनाई। समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि 14 अगस्त को श्याम दीवाने संस्था के साथ झुंझुनू में 189 यूनिट 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर को




प्रवाह कल्ब के साथ 11 वें शिविर का आयोजन अग्रसेन हॉस्पिटल ब्लड बैंक में 121 यूनिट के साथ 16 अगस्त को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवम आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल के जन्मदिवस पर प्रदेश मुख्यालय जयपुर में अमित वशिष्ट के संयोजन में 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। समिति के डॉ सुनील धायल ने बताया कि राजस्थान में सबसे ज्यादा रक्तदान शिविर आयोजित करने में एवं जरूरतमंदों को समय पर रक्त की आपूर्ति करवाने में संस्था अग्रणी है।

# पत्रकार बाबूलाल सैनी हुए जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 में सम्मानित



**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

लक्ष्मणगढ़। संभाग मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 में जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार बाबूलाल सैनी को उल्लेखनीय उपलब्धि, कार्य व सेवा के लिए सम्मानित किया गया है। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में गुरुवार को आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्य सरकार के स्वायत्त शासन व नगरीय विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार झाबर सिंह खर्रा, सीकर सांसद अमराराम, पुलिस महानिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, धोद विधायक गोरधन वर्मा, जिला प्रमुख श्रीमती गायत्री कंवर ने प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह भेंट कर पत्रकार बाबूलाल सैनी को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर रणजीत सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त पुरूषोत्तम शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस कृष्णा साईं, अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परेडिवाल, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ कमल सिखवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी, हरिराम रणवां, नगर परिषद सभापति जीवण खां, उप सभापति, उपजिला प्रमुख ताराचंद धायल, पूर्व विधायक रतन लाल जलधारी, तेज प्रकाश सैनी सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से 48 दिवसीय भक्तामर पाठ शुरू



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर, महारानी फार्म, जयपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सातवां 48 दिवसीय भक्तामर पाठ राष्ट्रीय दिवस 15 अगस्त से मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के परिवारजन ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया । अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया की उक्त पाठ 2 अक्टूबर 2024 राष्ट्रीय दिवस तक चलेगा। उक्त पाठ का मंगलाचरण विधानाचार्य पंडित अजीत शास्त्री सांगानेर द्वारा किया तथा रिद्धि सिद्धि मित्रों द्वारा यह पाठ भक्ति भाव से कराया गया। उक्त पाठ के 48 दिवस के पुण्यार्जक परिवार बसंत अतीव बाकलीवाल , जयवर्धन मोनिका शाह, सारसमल पदम झांझरी, रतन देवी अशोक पापड़ीवाल (विमल विला वाले), 11 दिन के पुण्यार्जक परिवार सुनील - लता सोगानी सात दिवस के पुण्यार्जक परिवार अनिल-अमिता गोधा परिवार, पंकज-नेहा जैन , 5 दिन के पुण्यार्जक परिवार गोपीचंद -सुशीला देवी गोधा , धूपचंद -इंदु शाह, एक दिवस, 15 अगस्त के पुण्यार्जक परिवार मोहित - प्रेक्षा सीकर, उर्मिला श्रीमाल, नेमीचंद-चांद देवी काला, मनीष-मंजू जैन, अशोक-विनय गंगवाल परिवार हैं। कार्यक्रम संयोजक अनिता बडजात्या, विमला जैन, डॉ अनीता जैन वैद , ज्योति जैन ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त ऐतिहासिक 48 दिवसीय भक्तामर पाठ में उपस्थित होकर धर्म लाभ लें ।

## वेद ज्ञान

### यक्ष प्रश्न

प्रगतिशील युग का मानव मस्तिष्क आरंभ से ही प्रश्नों से घिरा रहा है। अनेकानेक प्रकार के प्रश्नों की श्रृंखला न केवल उसके विवेकवान होने का परिचायक है, बल्कि मानव के सतत विकास की कुंजी भी साबित हुई है। नाना प्रकार के विचार और परिकल्पनाएं माना कि अंधे की लाठी के टटोलने जैसी होती हैं, किंतु उसी मंचन से उपलब्धि रूपी वैज्ञानिक शक्तियां व संसाधन और विकास रूपी रत्न भी प्राप्त होते रहे हैं। मनन रूपी पहलू यह है कि हम धन, पद, यश रूपी कितनी ही उपलब्धियां क्यों न हासिल कर लें, हमें पूर्ण संतुष्टि नहीं मिलती। यहां तक कि कोई उपलब्धि जिसे हासिल करने में हमने सालों गंवाए होते हैं, उसकी प्राप्ति का सुख उठा भी नहीं पाते कि हमारे भीतर की रिक्तता अतृप्ति महसूस कर ठोकर मारती है और हम दूर ज्ञात-अज्ञात के क्षितिज पर नजरें टिकाए सुख यहां नहीं, वहां है की मृग मरीचिका में भटकते हुए चल पड़ते हैं। आशय यह कि एक दिन हमारे जीवन का तेल चुक जाता है और हमारे हाथ खाली, किंतु मन महत्वाकांक्षाओं से भरा हुआ होता है और हम पुनः एक नई यात्रा पर निकल जाते हैं। यक्ष प्रश्न यह उठता कि क्या हमारे अंतस की प्यास कभी बुझ नहीं सकती? अगर नहीं तो कबीर दास, नानक, महात्मा बुद्ध, महावीर आदि मानवता की महानतम विभूतियां अपने-अपने अंतस की प्यास को बुझाने में कैसे सफल रहीं। कहीं ऐसा तो नहीं कि हम अपने अंतस की प्यास को पहचान ही न पा रहे हों? किसी एक जेब में रखी वस्तु उस जेब के बजाय हम अन्य कितनी ही जेबों को क्यों न टटोल लें, हमें नहीं मिलेगी। महात्मा बुद्ध और महावीर जैसे राजपुत्र उसी प्यास से परेशान होकर वन गए। हां और जब उन्हें वह मिल गया जिसे पा लेने के बाद जन्म-जन्म की प्यास बुझ जाती है तो वे फिर लौटे, किंतु उनका सुख महलों के बजाय जनसामान्य की ओर था। उन्हें पता चल चुका था कि महल व महत्वाकांक्षाएं उस प्यास को नहीं बुझा सकतीं। अगर उसे बुझाना ही है तो हमें उस प्यास को उसके सच्चे रूप में समझना होगा। सबसे बड़ा आश्चर्य तो यही है कि चारों तरफ भीतर से बाहर तक अतृप्ति महसूस करने के बाद भी हमारा मोहभंग नहीं होता और न ही हम उसे पहचानने की चेष्टा करते हैं।

## संपादकीय

# दस वर्ष बाद फिर कायम होगा जनता का शासन

आखिरकार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित कर दी गईं। वहां दस वर्ष बाद चुनाव होने जा रहे हैं। स्वाभाविक ही, वहां के राजनीतिक दलों में उत्साह नजर आ रहा है। दरअसल, वहां चुनाव न कराए जा सकने की वजह से लंबे समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया थम-सी गई थी। राजनीतिक गतिविधियां भी ठहरी हुई थीं। इसलिए मांग की जा रही थी कि जितना जल्दी हो सके, वहां चुनाव कराए जाएं। सर्वोच्च



न्यायालय ने भी कहा था कि तीस सितंबर तक वहां चुनाव करा लिए जाएं। अब निर्वाचन आयोग ने तीन चरण में वहां चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। लंबे समय बाद वहां इतने कम चरण में चुनाव होंगे। हालांकि इसके साथ ही हरियाणा विधानसभा के लिए भी मतदान होंगे, जो एक ही चरण में कराए जाएंगे। मगर सबकी नजर जम्मू-कश्मीर पर बनी हुई है। वहां परिसीमन का काम पिछले वर्ष ही पूरा कर लिया गया था, जिसमें तीन नई सीटें जुड़ गई थीं। अब वहां भी नब्बे सीटें हो गई हैं। हालांकि परिसीमन को लेकर वहां के राजनीतिक दलों ने गहरा असंतोष व्यक्त किया था और उनका आरोप था कि उनसे सुझाव नहीं लिया गया। मगर अब वह असंतोष थम गया लगता है। किसी भी राज्य को लंबे समय तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखने से वहां के विकास कार्यों पर तो बुरा असर पड़ता ही है, नागरिकों का लोकतंत्र पर भरोसा भी कमजोर होने लगता है। दस वर्ष पहले हुए पिछले चुनाव में जब किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, तो भाजपा से सहयोग से पीडीपी ने सरकार बनाई थी। वह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई थी। समय से पहले ही महबूबा मुफ्ती ने इस्तीफा दे दिया और वहां राज्यपाल का शासन लगा दिया गया था। उसके एक वर्ष बाद विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद से वहां उपराज्यपाल का शासन चला आ रहा है। केंद्र सरकार लगातार दावा करती रही कि वह जल्द वहां चुनाव करा कर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस लौटा देगी। मगर स्थितियां सामान्य न होने के तर्क पर चुनाव टलते रहे। माना जा रहा था कि लोकसभा के साथ ही वहां विधानसभा के चुनाव भी करा लिए जाएंगे, मगर निर्वाचन आयोग ने अलग से चुनाव कराना उचित माना। देर से ही सही, अब निर्वाचन आयोग की परीक्षा है कि वह किस प्रकार वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराता है। कई मामलों में दूसरे राज्यों की अपेक्षा जम्मू-कश्मीर संवेदनशील राज्य है। वहां हर वक्त आतंकी गतिविधियों का खतरा बना रहता है। कई लोगों का मानना है कि अगर विधानसभा चुनाव ठीक से संपन्न होंगे, तो आतंकी गतिविधियों पर विराम लगाने में भी कामयाबी मिल सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिला, उससे उम्मीद की जाती है कि जम्हूरियत के जश्न में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नया आधार

जुलाई के तीसरे सप्ताह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक (जीईपी) लॉन्च किया। इसका सरल अर्थ है कि उत्तराखंड जैसे संवेदनशील क्षेत्र में विकास कार्य से पहले मूल्यांकन करके जल-जंगल-जमीन वायु पर उसके प्रभाव का आकलन होगा। यदि विपरीत प्रभाव की अधिक संभावनाएं होंगी तो निश्चित ही उसको रोकना भी पड़ेगा। यही बात 2007 की केंद्रीय पुनर्वास नीति में भी लिखी गई है। 5 जून, 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने भी यही ऐलान किया था कि उत्तराखंड पहला राज्य होगा जहां विकास को मापने के लिए जीईपी लागू किया जाएगा। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा और डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने भी यह आश्वासन दिया था क्योंकि उत्तराखंड हिमालय में तेजी से भोगवादी विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हो रहा है, उसे रोकने के लिए छोटे-बड़े आंदोलन चलते रहते हैं। इसके बावजूद अब हर वर्ष सकल पर्यावरण उत्पादन में हम कहां खड़े हैं उसका मूल्यांकन करके जीडीपी के साथ जीईपी का लेखा-जोखा भी राज्य को प्रस्तुत करना पड़ेगा। यह किसी एक राज्य के लिए ही नहीं अपितु देश के लिए भी स्वागतयोग्य कदम है लेकिन इससे एक गंभीर आशंका भी पैदा होती है। यह कि संबंधित विभागों से प्रस्तावित विकास से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन का आधार क्या होगा? क्या कोई मॉनिटरिंग प्रणाली होगी? यह भी कहा जा रहा है कि राज्य द्वारा 95,112 करोड़ के लगभग दी जाने वाली पारिस्थितिकीय सेवाएं क्या हरियाली बचाने वाले निवासियों को लाभ प्रदान करेंगी या सिर्फ केंद्र से बजट का दावा पेश कियाजाएगा। नीति आयोग इस विषय पर किस आधार पर फैसला लेगा? इन सब के उत्तर भविष्य के गर्त में छिपे हैं। वैसे भी समझने के लिए यह पर्याप्त है कि उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में से 71प्रतिशत वन भूमि के अधीन है जबकि सघन वन 40 प्रतिशत से अधिक नहीं है लेकिन राज्य सरकार यही कह रही है कि जीईपी सूचकांक के आधार पर ग्रीन बोनस और केंद्र की सहायता लेने में यह लाभकारी साबित होगा। प्रति वर्ष जीईपी सूचकांक प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी उत्तराखंड के प्रमुख सचिव (वन) को दी गई है। इसका आंकलन मानवजनित और प्राकृतिक गतिविधियों के आधार पर होगा जिसमें जंगल, हवा, पानी, मृदा पर लगातार परिवर्तन जैसे जंगल के संबंधित सूचकांक के लिए विभिन्न वर्षों में वन विभाग द्वारा रोपे गए पौधों की संख्या और इन्हीं प्रजातियों के वृक्षों के पातन की संख्या के आधार पर आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। इसमें यह भी पता हो पाएगा कि पातन के दौरान छोटी-छोटी वनस्पतियां, जीव-जंतु बुरी तरह प्रभावित होते हैं लेकिन क्या हर वर्ष भीषण आग से जल रहे जंगल और रोपे गए पौधों के सापेक्ष प्राकृतिक वन संपदा की व्यावसायिक कटाई का मूल्यांकन करना आसान होगा क्योंकि जिन पेड़ों को उसी वर्ष लगाया गया और यह मान लेंगे कि इतने ही इसी प्रजाति के पेड़ काटे गए तो यह अधूरी जानकारी होगी क्योंकि उत्तराखंड में हर साल चीड़, देवदार, कैल आदि प्रजातियों का बड़े पैमाने पर कटान हो रहा है। मृदा के बारे में संभव है कि बड़े निर्माण कार्यों से बेतरतीब ढंग से काटे जा रहे पहाड़ों से खिसक रही मिट्टी को सीधे नदियों में डाला जाता हो और कहीं भी मिट्टी को पुनः उपयोग में लाने के लिए डंपिंग जोन नहीं है जिसके ऊपर पौधे रोपे जा सकते थे। जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक मिट्टी की बर्बादी का मूल्यांकन संभव नहीं।

# हिन्दू सेवा मंडल परिसर में स्वतन्त्रता दिवस का आयोजन



**ब्यावर. शाबाश इंडिया**

हिन्दू सेवा मंडल परिसर में 78वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह आनन्द पूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बी एम व्यास व सचिव भंवरलाल ओस्तवाल के द्वारा जन गण मन व वंदेमातरम की मधुर स्वर लहरियों के बीच ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि व हिन्दू सेवा मंडल के अध्यक्ष बी एम व्यास ने इस अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व भारत माता और भारत की स्वतन्त्र सत्ता के लिए कर्तव्य भाव जगाता है अतः हमें ऐसे कार्य करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए जो हमें एक अच्छा देश भक्त बनाएं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अधिकाधिक पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर अपने उद्बोधन में सचिव भंवरलाल ओस्तवाल ने समस्त राष्ट्र भक्त एवं शहीदों का स्मरण करते हुए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की कहा कि आज की युवा पीढ़ी को बडे.स्वप्न देखने चाहिए तथा भारत को एक महान और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्प करना चाहिए। समारोह में मंत्री भंवरलाल ओस्तवाल मदन मोहन मोदी ओमप्रकाश घीया सत्यनारायण असावा गणपत लाल सर्राफ अमरचंद नागौरा जवरीलाल सिसोदिया राजेन्द्र गर्ग अमित गोधा जैन राजेंद्र कुमार राकेश कुमार झालानी पन्ना लाल सोनी पुरुषोत्तम जाजू लक्ष्मणदास गुरुनानी नरेश कुमार गुप्ता महावीर लोढ़ा राजेंद्र शर्मा अमरचंद मूंदड़ा डूंगरमल साखला सहित संस्था के सदस्यगण उपस्थित थे।

# कुदन में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया



**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

कुदन। महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रधानाचार्य सम्पत सुडा शहीद मेजर सुरेंद्र बडासरा सिनियर सैकंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य भंवरलाल वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ प्रताप गढ़वाल पंचायत भवन में सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान सुडा ग्राम विकास अधिकारी अनिल रुहेला अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सहायक अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता मोहम्मद मंजर इल्मी द्वारा झंडारोहण किया गया व 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया । इस अवसर पर विधार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता व शानदार नृत्य प्रस्तुत किये। तथा कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं स्कूल स्टाफ व अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

# रवींद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज एनाटॉमी विभाग एक मोर्चरी कूलर एवं शव संरक्षण मशीन प्रदान की



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी ज़िला शाखा उदयपुर की ओर से अध्यक्ष जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के दिशा निर्देशन में आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को एक मोर्चरी कूलर जो कि दो मृत मानव शरीर को लंबे समय तक सुरक्षित रखने हेतु एवं एक शव संरक्षण मशीन जो कि मृत मानव शरीर को सुरक्षित रखने के लिए इस शरीर में केमिकल का प्रवाह करने में सहयोग करती है को डोनेट किया गया। इन दोनो उपकरणों के सहयोग से मृत मानव शरीर को चिकित्सा विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु काफी लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। उपरोक्त दोनों मशीन की कुल लागत करीब 5.00 लाख रुपए की संपूर्ण राशि भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी ज़िला शाखा उदयपुर की आजीवन सदस्या भामाशाह सुश्री प्रेमलता मेहता द्वारा प्रदान की गई। पूर्व में भी पिछले 30 वर्षों से आप आरएनटी मेडिकल कॉलेज एवं महाराणा भूपाल चिकित्सालय में काफी सारे उपकरणों एवं प्रति दिन 3 से 4 घंटे की नियमित सेवाएं मरीजों एवं उनके परिजनों को पूर्ण सेवा भाव से समर्पित कर रही है। उपरोक्त दोनों मशीन की स्थापना के उद्घाटन एवं अभिनंदन कार्यक्रम में शुक्रवार 16 अगस्त को प्रातः महाराणा भूपाल चिकित्सालय में स्थित एनाटॉमी डिपार्टमेंट में भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी ज़िला शाखा उदयपुर के तत्वाधान में मुख्य अतिथि एवं उद्घाटन कर्ता प्रिंसिपल रवींद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज डॉ. विपिन माथुर एवं भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी ज़िला शाखा उदयपुर की आजीवन सदस्या भामाशाह सुश्री प्रेमलता मेहता द्वारा किया गया एवं आर . एन.टी.मेडिकल कॉलेज सभागार, महाराणा भूपाल चिकित्सालय, उदयपुर में उद्घाटन पश्चात सम्मान समारोह में डॉ. विपिन माथुर ने बताया कि जिस प्रकार पीड़ित मानवता की सेवा में मदर टैरेसा ने जो एक विश्वस्तर पर अनुकरणीय सेवा कार्यों से अपनी अलग पहचान बनाई उसी प्रकार सुश्री प्रेमलता मेहता को मदर टैरेसा की उपाधि मिलनी चाहिए।शाखा अध्यक्ष डॉ.गजेंद्र भंसाली ने अपने उद्बोधन में बताया कि पीड़ित मानवता के सेवा में रैड क्रॉस शाखा उदयपुर ने पूरे राजस्थान में अपना नाम प्रथम स्थान पर अंकित किया है उसने भामाशाह सुश्री प्रेमलता मेहता के सहयोग को नही भुलाया जा सकता। इसी क्रम में मानद सचिव सुनील गांग ने सुश्री प्रेमलता मेहता के भाव को लेकर बताया कि सेवा का जब भी कोई भाव मन में आए उसे उसी समय क्रियान्वित कर लेना चाहिए तभी बड़े से बड़ा सेवा कार्य



का पुण्य अर्जित किया जा सकता है और सुश्री प्रेमलता मेहता का इस बात का अनुकरणीय उदाहरण हैं। इस कार्यक्रम में सुश्री मेहता के परिजन, आरएनटी मेडिकल कॉलेज से एच. ओ. डी. प्रो. एनाटॉमी डॉ.प्रवीण ओझा, प्रो.डॉ. सीमा प्रकाश, एसोसिएट प्रो .डॉ पूजा, असिस्टेंट प्रो. डॉ सुनील कुमार शर्मा, असिस्टेंट प्रो.डॉ. वैभव भटनागर, ट्यूटर डॉ. सुशांत वानावत , एडिशनल प्रिंसिपल डॉ विजय गुप्ता, डॉक्टर कुशल बाबू गहलोत, डॉक्टर कीर्ति एवं अन्य रेजिडेंट डॉक्टर्स एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष राकेश बापना, संरक्षक नवल सिंह खमेसरा, आजीवन सदस्य सुरेश सिसोदिया, के.एस.नलवाया, महावीर कुमार भाणावत, राजेंद्र सिंह भंडारी, स्नेहलता गांग, कार्यकर्मी आजाद बोर्दिया एवं मुरली सोनी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सुनील कुमार शर्मा एवं डॉ. प्रतीक्षा तिवारी ने किया एवं धन्यवाद डॉ.पूजा धाबाई द्वारा दिया गया।

# निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर आयोजित





## जवाहर नगर जैन मंदिर में आयोजित निःशुल्क शिविर में परामर्श, दवाईयां, जांचे व सुनने की मशीन दी फ्री

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत जैन सोश्यल ग्रुप हैरिटेज सिटी, जयपुर द्वारा संगिनी फोरम जेएसजी हैरिटेज सिटी एवं श्री दिगम्बर जैन मंदिर प्रबंधकारिणी समिति जवाहर नगर के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर परामर्श, दवाईयां, जांचों सहित सुनने की मशीन निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ने बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन नार्दन रीजन के तत्वावधान में प्रा 9.30 बजे से श्री दिगम्बर जैन मंदिर सैक्टर 7 जवाहर नगर में आयोजित विशाल मल्टीस्पेशलिटी निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी एवं फाईनेंशियल फ्रीडम फाइटर संदीप जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन मुम्बई के पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन नार्दन रीजन के चैयरमेन इलेक्ट राजीव पाटनी ने अपनी सहभागिता निभाई। अध्यक्ष नितिन पाटनी ने बताया कि शिविर में नाक कान गला स्पेशलिस्ट डॉ. सुदीप जैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रमेश विजय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शारदा विजय, डॉ संगीता जैन, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ नवनीत सक्सेना, उदर रोग विशेषज्ञ डॉ अमित माथुर, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ दीपेन्द्र भटनागर, प्लास्टिक सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश जैन, जनरल फिजिशियन डॉ दीपक चौहान ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक डॉ सुदीप जैन, प्रदीप बज एवं अरविंद पाटनी थे। उन्होंने ने बताया कि शिविर में परामर्श के साथ ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, ईयर स्क्रीनिंग एवं दवाईयों की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई गई। सचिव अरुण पाटनी के मुताबिक शिविर के समापन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें अतिथियों ने ग्रुप की ओर से डाक्टरों एवं सहयोगियों को दुपट्टा पहनाकर , प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मानित किया। मंच संचालन सुभाष बज ने किया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष महावीर सेठी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश कासलीवाल, अरविन्द पाटनी, शांति काला, उपाध्यक्ष प्रदीप बज, संयुक्त सचिव डॉ सुदीप जैन, कार्यकारिणी सदस्य सुनील बाकलीवाल, राजेन्द्र गोदिका, सुरेश अजमेरा, विमल जैन, संगिनी फारम जेएसजी हैरिटेज सिटी की संस्थापक अध्यक्ष शालिनी जैन, अध्यक्ष अल्का बज, सचिव आरती जैन सहित बड़ी संख्या में जैन सोश्यल ग्रुप हेरिटेज सिटी के सदस्य एवं संगिनी फारम जेएसजी हैरिटेज सिटी की सदस्याऐं उपस्थित थी।

# श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस का आयोजन

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**



ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय, बी. एल .गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल, वर्द्धमान इन्टर नेशनल स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ ''नाज'' के द्वारा संयुक्त रूप से स्वतन्त्रता दिवस समारोह महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि शांतिलाल नाबरिया, अध्यक्ष श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर के द्वारा जन गण मन व वंदेमातरम् की मधुर स्वर लहरियों के बीच ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि व शिक्षण समिति अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया ने इस अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व भारत माता और भारत की स्वतन्त्र सत्ता के लिए कत्र्तव्य भाव जगाता है अतः हमें ऐसे कार्य करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए जो हमें एक अच्छा देश भक्त बनाएं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अधिकाधिक पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने समस्त राष्ट्र भक्त एवं शहीदों का स्मरण करते हुए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की उन्होंनें कहा कि आज की युवा पीढ़ी को बडे.स्वप्न देखने चाहिए तथा भारत को एक महान और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्प करना चाहिए। शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने सभी को संदेश दिया कि हम इस वर्ष अपना यह पर्व अत्यन्त उत्साह व देश प्रेम के साथ मना रहे है क्योंकि हम आजादी का अमृत महोत्सव एवं ''हर घर तिरंगा और हर हाथ में तिरंगा'' लिये हम अपनी देश भक्ति को प्रकट कर रहे हैं। महाविद्यालय एवं बी. एल. गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल के छात्र - छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी संभाषण, एक्शन डांस एवं देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। साथ ही वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा म्यूजिकल ऐरोबिक्स की अदभुत प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. निवेदिता ने इस अवसर पर धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एन. एस. एस. अधिकारी श्रीमती प्रीति शर्मा व श्रीमती कोमल गुप्ता के निर्देशन में एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत स्वंय सेविकाओं द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत पेड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष प्रथम गौतम चन्द गोखरु, उपाध्यक्ष द्वितीय प्रकाशचन्द गदिया, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल कोषाध्यक्ष रमेश चन्द मेड़तवाल, दीपचन्द कोठारी कार्यकारिणी सदस्य उतमचन्द देरासरिया, देवराज लोढ़ा, दूलराज रूणीवाल, आशीष रांका महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा, बी. एल .गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल के प्राचार्य डॉ. निवेदिता पाठक, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ के प्राचार्य धर्मेन्द्र शर्मा, वर्द्धमान इन्टरनेशनल की प्राचार्या श्रीमती श्वेता नाहर, समस्त संकाय सदस्य व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन





**जयपुर. कासं।** जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी जयपुर के द्वारा 15 अगस्त 2024 को 78 वा स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से आयोजित किया गया। ग्लोरी ग्रुप द्वारा यह कार्यक्रम आकाशदीप गर्ल्स कॉलेज और आकाशदीप स्कूल के प्रांगण में उनके सहयोग से आयोजित किया। ग्रुप के अध्यक्ष पीयूष मोनाली सोनी ने झंडा फहराया। विदित हो की जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी फेडरेशन द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतरंगत लव फॉर नेशन एक दिन देश के नाम पर इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सभी सदस्यों तथा ग्रुप पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आकाशदीप कॉलेज से अग्रवाल फार्म मानसरोवर तक तिरंगा रैली निकाली। इस अवसर पर आकाशदीप स्कूल के बच्चो का उत्साह देखते ही बनता था इस अवसर पर ग्रुप सचिव हेमंत श्वेता बड़जात्या ने ग्रुप के सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यो का तथा आकाशदीप प्रबंधन का धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर ग्रुप एडवाइजर अजय ललिता तोडिया, रमेश पुष्पा जैन, संयुक्त सचिव श्वेता नीरज अजमेरा कोषाध्यक्ष नयन जैन ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य सौरभ रूबी जैन, अवधेश मीनू पाटनी, अर्पित सुरभि गोधा रमेश दीपाली सुनील शिखा पंकज दीपिका अजमेरा लोकेश गजेंद्र इसके अतिरिक्त ग्रुप के अन्य सदस्य गण भी उपस्थित थे। ग्रुप के अध्यक्ष पियूष सोनी तथा सचिव हेमन्त बड़जात्या ने संबोधित करते हुए जानकारी दी कि आगामी 18 सितंबर को ग्रुप द्वारा गौसेवा और पक्षियों के लिए दाना वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# मनाई सौभाग्य दशमी



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। जैन समाज की महिलाओं द्वारा गुरुवार 15 अगस्त को सौभाग्य दशमी मनाई गई इस मौके पर जैन मंदिरो में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए महिलाओं द्वारा दिन भर निहारकर रहकर उपवास किया गया। समाज के प्रवक्ता अमित गोधा ने बताया कि इसे सुहाग दशमी भी बोलते है। इस दिन महिलाओं द्वारा पति की लंबी उम्र एवं स्वस्थ रहने एवं खुशहाली की कामना करते हुए उपवास किया जाता है। सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में सौभाग्य दशमी वत की पूँजी की गई।

# राजस्थान विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड में किया गया झंडारोहण



**जयपुर. कासं।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर राजस्थान विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड में झंडारोहण किया गया। स्पोर्ट्स बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने कहा खेलों में राजस्थान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में 2 विद्यार्थियों का एशियन गेम्स यूनिवर्सिटी भारतीय टीम में चयन हुआ है साथ ही खेलों इंडिया में बेहतरीन प्रदर्शन रहा। विद्यार्थियों ने कहा अनुशासन में रहकर हम खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जमकर प्रैक्टिस करेंगे.विवि और देश का नाम रौशन करेंगे। इस मौके पर प्रोफेसर, कोच, कर्मचारी,योगा विद्यार्थी, रिसर्च स्कॉलर, खिलाड़ी मौजूद रहे।

# महावीर इंटरनेशनल युवा, ब्यावर केंद्र जिला स्तर पर उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित



**ब्यावर. कासं।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र को जिला स्तर पर उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए जिला स्तरीय प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र से यह सम्मान संस्था के चेयरमैन वीर अमित बंसल, कोषाध्यक्ष वीर राजेश मुरारका एवं उपाध्यक्ष वीर निखिल जिंदल ने प्राप्त किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में समाज कल्याण विकास मंत्री अविनाश गहलोत, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, जिला एसपी नरेंद्र सिंह , विधायक शंकर सिंह रावत, सभापति नरेश कनोजिया, वीर सुनील सिंघल, वीर पुलकित सिंघल, वीर योगेश बंसल सर्राफ आदि सदस्य उपस्थित थे। संस्था को यह सम्मान जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा, गौ सेवा, पक्षियों को दाना, प्राणी मात्र की सेवा, पर्यावरण, गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत बेबी किट वितरण, खाद्य सामग्री वितरण, गरिमा प्रोजेक्ट, आदि सामाजिक सेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। इस जिला स्तरीय सम्मान से सदस्यों में नई चेतना, उत्साह एवं जोश का संचार हुआ। संस्था के सचिव विजय राज जैन ने यह सम्मान संस्था के सभी सदस्यों की मेहनत, प्रयास, सेवा भावना एवं जॉन उपाध्यक्ष वीर विनोद चोरड़िया, जॉन चेयरमैन तेजमल बुरड़ के मार्गदर्शन को समर्पित किया।

# प्रेम जीवन का महामंत्र: आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज



## पूर्व मुख्यमन्त्री वसुन्धरा राजे ने लिया आचार्य श्री का आर्शिवाद

ऋषभदेव

प्रेम जीवन का महामंत्र है, ये वो मंत्र है, जो सारी दुनिया को वश में करने की ताकत रखता है। प्रेम ही जीवन है। जीवन से प्रेम को निकाल दिया जाये, तो शायद जीवन में कुछ बचेगा ही नहीं। दिल से दिल को जोड़ने वाली कोई कड़ी है, तो वो है। प्रेम । माता-पिता, भाई-बहिन, पति - पत्नी, मित्र-मित्र, गुरु-शिष्य, भक्त-भगवान, आत्मा-परमात्मा जैसे सभी संबंध प्रेम पर ही टिके हुए हैं । प्रेम ही बंधन है, प्रेम ही मुक्ति। भगवान महावीर कहते हैं कि मोह सहित प्रेम बंधन है, मोह रहित प्रेम मुक्ति है । प्रेम वासना विहीन होता है तो स्वतंत्रता बनता है, वासना सहित होता है, तो परतंत्रता बनता है। प्रम अमृत भी है और जहर भी। प्रेम जब किसी एक में सिमटता है, तो वासना का जहर बनता है और प्रेम जब प्राणी मात्र के प्रति विराट होता है, तो अमृत हो जाता है। उसी पानी से कीचड़ मचता है और उसी पानी से कीचड़ धुलता है। मोह सहित प्रेम से वासना का कीचड़ मचता है और मोह रहित प्रेम से वासना का कीचड़ धुला करता है। मोह विहीन प्रेम ही परमात्मा के दर्शन कराता है। इसलिए कबीर जैसे ज्ञानी कहते हैं कि ''ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।'' कितना भी पोथियों को पढ़ लिया जाये, कितना भी शास्त्रीय ज्ञान हो जाये, यदि जीवन में प्रेम नहीं, तो सब बेकार है। महात्मा बुद्ध ने कहा-हृदय में प्रेम का झरना बहने दो, करुणा ही धर्म है। जीसस कहते हैं प्रेम ही परमात्मा है मीरा ने कहा- ''ऐरी मैं तो प्रेम दीवानी, मेरा दरद न जाने कोय।' रहीम ने कहा- रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।' महावीर ने कहा-'जियो और जीने दो ये वो ज्ञनी पुरुषों के अमृतवचन हैं, जिन्होंने सत्य से साक्षात्कार किया। इससे पूर्व पूर्व मुख्यमन्त्री राजे ने भगवान ऋषभदेव एवं आचार्य पुष्पदन्त सागर महाराज की छवि के आगे दीप प्रज्जवलन किया सेठ राज मल कोठारी अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार जैन महामंत्री प्रदीप कुमार जैन सहित समाज जनों 21किलो फूलो की माला शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर राजे एवम अतिथियों का सम्मान किया रजत कलश लाभार्थी सुमेश मधु वाणावत परिवार का अभिनन्दन किया तथा आचार्य श्री का पाद प्रक्षाल शास्त्र भेट व आरती करने का लाभ मिला।

## किसी का दिल तोड़ना भी हिंसा है: वसुन्धरा राजे

उदयपुर। पूर्व सीएम श्रीमती वसुन्धरा राजे ने कहा कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत है हिंसा रहित जीवन,लेकिन हिंसा की परिभाषा सिर्फ हथियार से हिंसा करना या किसी को मारना-पीटना ही नहीं,किसी का दिल दुखाना,किसी का दिल तोड़ना,किसी की आत्मा को सताना भी है।उन्होंने ये भी कहा कि राजनीति में सबसे बड़ी धन दौलत जनता का प्यार है,जो उन्हें निरंतर मिल रहा है।वे ऋषभदेव मंदिर में जैन संत आचार्य पुलक सागर जी महाराज के ज्ञान गंगा महोत्सव में बोल रही थी। पूर्व सीएम ने कहा कि जैन धर्म का सिद्धांत जीओ और जीने दो है,लेकिन कई लोगों ने इसे उलट दिया है। जीओ और जीने मत दो। यानी खुद तो जीओ,लेकिन दूसरों को जीने मत दो। ऐसा करने वाले वाले भले ही थोड़े समय खुश हो जाये,पर वे हमेशा सुखी नहीं रह सकते क्योंकि जैसा बोओगे-वैसा काटोगे। राजे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को आगे बढ़ाते हुए,सभी लोग भारत के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने दो पंक्तियाँ भी सुनाई-काश ऐसी बारिश आये,जिसमें अहम डूब जाए,मतभेद के किले ढह जाएं, घमंड चूर-चूर हो जाए,गुस्से के पहाड़ पिघल जाए, नफरत हमेशा के लिए दफन हो जाये और सब के सब, मैं से हम हो जाएं।

## ये थे मौजूद

पूर्व मंत्री व विधायक काली चरण सराफ,अजय सिंग किलक, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी,विधायक भैरा राम सिओल, विधायक तारा चंद जैन,महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा,पूर्व विधायक अमृता मेघवाल,नानालाल अहारी,उदयपुर भाजपा ज़िला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता सुंदर लाल भाणावत।

# सौभाग्य दशमी को उपवास कर महिलाओं द्वारा की गई भक्ति के साथ जिनेंद्र अर्चना



**जयपुर. कासं।** 15 अगस्त गुरुवार को जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में सौभाग्य दशमी को सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा उपवास किया गया और सभी ने सामूहिक पूजन भक्ति भाव के साथ कर जिनेंद्र अर्चना की। पदम जैन



बिलाला ने बताया कि सभी महिलाओं ने पारंपरिक मुठड़ी का लहरिया पहन कर सुहाग दशमी के दिन मंगल भावनाओं के साथ देव शास्त्र गुरु व शीतल नाथ भगवान की पूजन कर 108 जाप्य किए। पूजन क्रिया साज बाज के साथ विधि विधान पूर्वक शिखर चंद किरण जैन ने संपन्न करायी।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# संत दुलाराम जी की स्मृति में पौधारोपण



**डूंगरपुर. शाबाश इंडिया**

श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार समाज वागड़ बैठक द्वारा शनिवार को संत शिरोमणि श्री दुलाराम कुलरिया की नवम पुण्यतिथि पर विश्वकर्मा भवन परिसर बेणेश्वर धाम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया ओर समाज को संदेश दिया की पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना बहुत ही अनिवार्य है इस अवसर पर संत दुलाराम जी के द्वारा किए गए मानवसेवा,गौसेवा,समाजसेवा के कार्यों को याद किया गया साथ ही इनके पुत्रों भंवर,नरसी,पुनम कुलरिया द्वारा मानवसेवा, समाजसेवा,गौसेवा और चिकित्सा के क्षेत्र मे इनके द्वारा दिए जा रहे योगदान को याद किया वागड़ बैठक अध्यक्ष भंवरलाल सुथार मोवाई ने बताया संत दुलाराम कुलरिया हमेशा हमारे स्मृति पटल पर छाए रहेंगे और हमें भी सेवा कार्यों की प्रेरणा देते रहेगें साथ ही कवि धीरज सुथार ने बताया संत श्री दुलाराम जी समूचे राजस्थान के गौरव है इन्होंने अपना पूरा जीवन सेवा कार्यों में समर्पित कर दिया और इनके पद चिन्हों पर चलते हुए इनके तीनो पुत्र भी सेवा कार्य कर रहे हैं हाल ही में पिताजी के नाम से 15 करोड़ का हॉस्पिटल बनाकर सरकार को भेट किया ऐसी दानवीरता पर हम सभी को गर्व है,बैठक उपाध्यक्ष रमेश सुथार ने बताया दुलाराम जी हम सभी की प्रेरणा है और और पर्यावरण संरक्षण हेतु संत जी की स्मृति में पेड़ लगाए इस अवसर पर गुलाब सुथार, रणछोड़ सुथार नानूराम, ईश्वरलाल, विमल सुथार, नारायण, लक्ष्मण,गंगाराम सुथार आदि समाज बंधु उपस्थित रहे साथ ही नारी शक्ति ने भी पौधारोपण में भाग लिया संत जी की याद में पूरे प्रदेश में पौधरोपण किया गया।

# मौसम पूवार्नुमान में सुधार के लिए रिलायंस फाउंडेशन और आईएमडी ने किया एमओयू

## जलवायु चेतावनी और आजीविका सुधार में सहयोग बढ़ाने पर सहमति



**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** रिलायंस फाउंडेशन और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक महत्वपूर्ण एमओयू किया है, जो जलवायु-प्रभावित समुदायों को बेहतर मौसम जानकारी और सहायता प्रदान करेगा। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र और रिलायंस फाउंडेशन के सीईओ श्री जगन्नाथ कुमार ने नई दिल्ली में इस एमओयू पर पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और मौसम से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए समुदायों को तैयार करना है।इसके तहत, मौसम पूवार्नुमान और प्रारंभिक चेतावनी सेवाओं को मजबूत करने के लिए अनुसंधान किया जाएगा और विभिन्न विशेषज्ञों के साथ मिलकर चर्चा की जाएगी। इस प्रयास से मौसम के बदलावों के प्रति लोगों की सहनशीलता बढ़ेगी। रिलायंस फाउंडेशन, विशेष रूप से ग्रामीण और सीमांत समुदायों के लिए, उपयोगी और सरल तरीके से मौसम की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इससे उन समुदायों को विशेष लाभ मिलेगा जिनकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच सीमित है।इस साझेदारी के माध्यम से, रिलायंस फाउंडेशन और आईएमडी यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक लोग मौसम की जानकारी का सही और सुरक्षित उपयोग कर सकें, जिससे उनकी सुरक्षा और आजीविका में सुधार हो सके।



# खजुराहो जैन मंदिर पहुंचकर जिला पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने महाराज जी का लिया आशीर्वाद

**खजुराहो. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र खजुराहो में आज जिला पुलिस अधीक्षक अगम जैन का आगमन हुआ इस दौरान उन्होंने चातुर्मास के दौरान संचालित हो रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सपत्नी भाग लेने के बाद आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का आशीर्वाद लिया।इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने छतरपुर जिले के लिए संजीव जैन नेताजी कानपुर वालों के द्वारा 47 ब्लू स्टार कंपनी के वॉटर डिस्पेंसर जो भेंट स्वरूप मिले हैं इस हेतु इन्होंने उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह उनके द्वारा पुनीत कार्य किया गया है और अब हमारे विभिन्न थाना तथा चौकिया में पुलिस स्टाफ तथा आने वाले लोगों को



साफ स्वच्छ जल पीने को मिलेगा, वही आपने कहा कि महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तथा उनसे कुछ हमें सीखने को भी मिला, जिला पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि निश्चित रूप से उनका सानिध्य हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा एवं उनके साथ बिताए हुए कुछ पलों को भी शेयर किया।इस अवसर पर एडिशनल एसपी विक्रम सिंह, खजुराहो एसडीओपी सलिल शर्मा, थाना प्रभारी खजुराहो अतुल दीक्षित सहित विभिन्न स्थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा, जैन समाज खजुराहो के इंजीनियर रमेश जैन, विनोद जैन, राकेश जैन, योगेश जैन तथा समाज के बंधुओ द्वारा समस्त पुलिस स्टाफ का भारतीय रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया। **-राजीव शुक्ला अधिमान्य पत्रकार खजुराहो**

# महावीर इंटरनेशनल द्वारा विशाल पर्यावरण जागरूकता अभियान रैली का आयोजन

सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया




नौगामा जिला बांसवाड़ा। महावीर इंटरनेशनल शाखा नोगामा द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। प्रातः 9:00 बजे सीनियर माध्यमिक विद्यालय नौगामा माध्यमिक बालिका विद्यालय नौगामा, विद्या निकेतन विद्यालय नौगामा, एस एन जी विद्यालय नौगामा की विशाल सामूहिक रैली नगर भ्रमण को निकली एवं रैली में बालक बालिकाओं के साथ स्काउट के छात्र भी पर्यावरण जागरूकता अभियान के पोस्टर एवं कपड़े की थैली मेरी सहेली के पोस्ट के साथ नगर की गलियों में भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण बचाने वृक्षारोपण करने एवं भारत माता के नारों के साथ नगर की गलियां गूंजायमान हो रही थी नगर भ्रमण के बाद सभी छात्र सीनियर माध्यमिक विद्यालय परिसर पहुंचे जहां पर मुख्य अतिथि उपखंड प्रधान सुभाषजी खराड़ी डॉ अजीत गांधी महावीर इंटरनेशनल शाखा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी शाखा सचिव कैलाश पंचोली विद्यालय की प्रधानाचार्य विकास जैन हरीश उपाध्याय प्रभुलाल शारीरिक शिक्षक ग्राम पंचायत सरपंच नरेश परमार बालिका विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र जैन महावीर इंटरनेशनल शाखा के वीर सदस्य जगदीश कटरा ताजेगजी पाटीदार खुशपाल जैन एवं गण मध्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार में के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का महावीर इंटरनेशनल इंटरनेशनल शाखा क ओर से अतिथियों का सम्मान दुपट्टा उडाकर पगड़ी पहनकर किया गया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि आज संपूर्ण भारत वर्ष में पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है उसी के तहत आज नौगामा नगर में भी इस रैली का आयोजन किया गया एम सभी बच्चों से एवं ग्रामीणों से निवेदन किया कि सिंगल उसे प्लास्टिक को बिल्कुल उपयोग में नहीं करना है कपड़े की थैली का उपयोग करना है एवं पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए वृक्षारोपण करना है इस अवसर पर डॉक्टर अजीत गांधी एवं वरुण पशु आहार वल्लभ पाटीदार द्वारा छात्रों को पेन वितरित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ साथी आशीष उपाध्याय कमल सिंह अकाउंटेंट निलेश, देवीलाल क्लास रोहित पाटीदार मनी देवी सुशीला कमल सिंह चौहान आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक मुकेश द्विवेदी द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के साथ पर्यावरण गोष्ठी का समापन हुआ।

## मुनि अनुसरण सागर महाराज ने श्रावक श्रेष्ठी संजय सोगानी एवं शशी सोगानी को संयम का उपकरण पिच्छिका प्रदान की



विमल जोला. शाबाश इंडिया

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आयोजित जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज का दीक्षा जयन्ती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। चातुर्मास कमेटी के संयोजक हितेश छाबड़ा एवं मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि दीक्षा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज का दीक्षा जयन्ती महोत्सव समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। जौंला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम श्रद्धालुओं ने चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर महाराज एवं समाधिस्थ गुरुदेव आचार्य अभिनन्दन सागर महाराज का चित्र अनावरण एवं लोकार्पण के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं हितेश छाबडा ने बताया कि कार्यक्रम में शांतिसागर पाठशाला के बच्चों एवं धर्म प्रभावना महिला मण्डल द्वारा मंगलाचरण किया गया। एवं श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की शांतिधारा करके अभिषेक किए गए। जौंला ने बताया कि कार्यक्रम में जैन सखी महिला संगठन के तत्वाधान में भक्तामर मण्डल विधान आयोजित किया गया जिसमें ममता जैन के सानिध्य में एवं पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में संगीत के साथ भक्तामर मण्डल विधान में 48 श्री फल अर्ध्य समर्पित किया गया। इस दौरान मुनि अनुसरण सागर महाराज का संगीत से पूजन करने का सौभाग्य विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल चंद्र प्रभु महिला मण्डल जिन श्री महिला मण्डल णमोकार महिला मण्डल त्रिशला महिला मण्डल जिनवाणी महिला मण्डल एवं जैन सखी महिला को सौभाग्य मिला।

## वाहन यात्रा के पोस्टर का राव राजेन्द्र सिंह ने किया विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री जमुवायमाता फाउण्डेशन व श्री राजपूत सभा जयपुर देहात के तत्वाधान में 25 को बड़पीपली आश्रम के प्रसिद्ध संत प्रमेन्द्र महाराज के पावन सानिध्य में जयपुर से कुल देवता अम्बिकेश्वर महादेव आमेर व जमुवायमाता मंदिर आमेर की आयोजित की जाने वाली तृतीय वाहन यात्रा के पोस्टर का विमोचन जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्र सिंह के कर कमलों द्वारा उनके जयपुर स्थित आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री राजपूत सभा जयपुर देहात के अध्यक्ष मोती सिंह सांवली श्री जमुवायमाता फाउण्डेशन के अध्यक्ष शंकर सिंह खंगारोत,सीआई साहब राम सिंह उदयपुरिया, फुलेरा राजपूत सभा अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह खंगारोत, झोटवाड़ा महामंत्री छीतर सिंह खंगारोत, सहमंत्री हनुमान सिंह नाथावत सदस्य दयाल सिंह भूरथल उपस्थित थे।

# एक आदर्श सद संस्कार वाला शिक्षक ही बच्चो मे सदसंस्कार व अच्छी शिक्षा दे सकता हैं: गुरु मां नंदीश्वरमति माताजी

## श्री सन्मति दिगम्बर जैन विद्यापीठ संस्थान में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया




**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

नावा सिटी । उपखंड मुख्यालय स्थित विद्यालय श्री सन्मति दिगम्बर जैन विद्यापीठ संस्थान में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया।विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक मोहन मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम मे ध्वजारोहण जैन समाज ( नागौरी गोठ ) के अध्यक्ष नवीन गोधा व संस्थान के सचिव विजय कुमार जैन द्वारा किया गया। ध्वजारोहण मे विशेष सानिध्य परम पूज्या गुरु मां आर्यिका रत्न105 नदीश्वरमति माताजी ससंघ का रहा इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाध्यापक विजय सिह सहित विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य मौजूद रहे। सरस्वती पूजन संस्थान के कोषाध्यक्ष रमेश चन्द झांझरी व मुख्य अतिथियो के द्वारा सम्पन्न किया गया।उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे सर्वप्रथम आयो रे शुभ दिन आयो रे पर सलोनी एण्ड पार्टी द्वारा शानदार नृत्य किया गया। कोमल एण्ड पार्टी द्वारा म्हारी आखडल्या को तारो म्हारो राजस्थान , शिफां एण्ड पार्टी द्वारा तेरी मिट्टी मे मिल जावा , मोनिका एण्ड पार्टी द्वारा मेरे देश की धरती सोना उगले , भावना टेलर द्वारा केसरिया बालम आओ पधारो गोरी के देश , सलोनी कंवर द्वारा राजस्थान रंगीलो न्यारो लागे सब ने प्यारो , गरिमा द्वारा ओ प्यारो राजस्थान म्हारो राजस्थान, एलिना द्वारा ऐसा केसरिया भारत देश है मेरा, रमजाना एण्ड पार्टी द्वारा सुनो गौर से दुनिया वालो बुरी नजर न हमपे डालो , परिधि कुमावत ने कहते है हमे इण्डिया वाले पर शानदार नृत्य किया । इसी प्रकार देवांशु टेलर ने नन्हे मुन्ने प्यारे प्यारे भारत मा के राज दुलारे , ललिता कुमावत ने न जाने कितने वीरो ने अपनी जान गंवाई थी, अमान व अरमान ने ये हमारा हिन्दुस्तान है कविताए सुनाकर खूब तालिया बटोरी । परम पूज्या गुरु मां आर्यिका रत्न 105 श्री नदीश्वरमति माताजी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि भारत देश मे पहले दूध की नदिया बहती थी लेकिन आज खून की नदिया बहती है । उन्होंने अभिभावको को बच्चो को मोबाइल व टीवी की लत से दूर रखने को कहा । उन्होंने कहा कि एक आदर्श सद संस्कार वाला शिक्षक ही बच्चो मे सदसंस्कार व अच्छी शिक्षा दे सकता हैं। जैन समाज अध्यक्ष नवीन गोधा के कर कमलो द्वारा सत्र 2023-24 मे प्रथम व द्वितीय रहने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओ को पारितोषिक वितरण किया गया।संस्थान के कोषाध्यक्ष रमेश चन्द झांझरी के कर कमलो से कुन्द कुन्द ज्ञानपीठ इन्दौर द्वारा आयोजित परीक्षा मे प्रथम व द्वितीय आने वाले बच्चो को पारितोषिक वितरित किये गये । संस्थान के सचिव विजय कुमार जैन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाले बच्चो को ईनाम वितरित किये गये । संस्थान के सचिव विजय कुमार जैन ने कहा कि इस संस्था का उद्देश्य कम फीस मे गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना है। इस स्कूल से पढकर कई बच्चे आज राजकीय सेवा मे कार्य कर रहे है । साथ ही उन्होंने पधारे हुए अतिथियो का आभार व्यक्त किया । विद्यालय परिवार मे विजय सिंह ,मोहन मिश्रा ,श्रीमती डिम्पल शर्मा,सुधा शर्मा ,आरती लढा, सुश्री वन्दना शर्मा, अनीता चौधरी , राजुल बानो, मुस्कान माथुर,कोमल, पिंकी व मोनिका टेलर आदि मौजूद रहे।

# महावीर इंटरनेशनल का पर्यावरण जन जाग्रति अभियान

## कपडे की थैली मेरी सहेली का संदेश




**कुचामन सीटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी द्वारा पर्यावरण जन जाग्रति अभियान के तहत आज राजकीय सोनी देवी सोमानी उच्च बालिका विधालय मे संस्था के स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष्य में सभी 350 सेन्टरौ पर एक ही दिन पर्यावरण की रक्षा के सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करता है धरती व पानी मे जमा होता है जानवरो व मानव के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता हैं इस लिए इसका उपयोग न कर अन्य विकल्प को अपनाए के संदेश कपडे की थैली मेरी सहेली का आगाज किया। उप प्राचार्य लक्ष्मण शर्मा, उप प्राचार्य सुमेधा सिह, अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल वीरा विजय कौर बिडसर समाज सेवी चम्पालाल कुमावत कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र सिह दीपुपरा ने सिंगल यूज प्लास्टिक क उपयोग के खतरो के बारे विस्तार से समझाकर सावधानियां बारे मे जागरूक कर ज्यादा ज्यादा वृक्षारोपण कर संवर्धन संरक्षण संदेश दिया। कार्यक्रम मे संस्था सचिव वीर अजित कुमार, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर नन्दकिशोर बिडसर, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर सम्पत बगडीया ,वीर सोहनलाल वर्मा, वीरा अध्यक्ष सरोज पाटनी वीरा कोषाध्यक्ष मंजू जैन वीरा सुनिता गगंवाल व शाला अध्यापिका ने सहयोग किया। सभी को अल्पाहार कराया गया। वीर सुभाष पहाड़िया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...



**कुलचाराम हैदराबाद. शाबाश इंडिया।** छोड़ऩा है तो पूरा छोड़ो - भोजन हो या साथ..दोनों चीजें आधी अधूरी छोड़ना अच्छे इन्सान की पहचान नहीं है..! भोजन भाग्य से मिलता है, भाग्य और सौभाग्य से मिले भोजन को जूठा छोड़कर मत जाओ। क्योंकि भोजन परमात्मा का प्रसाद है, भक्त प्रभु के प्रसाद का कभी अपमान नहीं करता। जो भक्त प्रभु के भोजन का अपमान करता है, वह भक्त नहीं कम्बख्त है।इसलिए जब भी प्रभु का प्रसाद ग्रहण करो, अपने विवेक से ग्रहण करो। ध्यान रखो - जीभ जो मांगती है वह मत दो,, पेट जो मांगता है वह दो। भोजन करना पुण्य है और जूठा छोड़ना पाप है। इसलिए भोजन को बर्बाद होने से बचायें, क्योंकि भोजन को आपकी मेज तक लाने में किसान ने पूरे साल कमर तोड़ मेहनत की है,, उसकी मेहनत का और पुण्य से मिले भोजन का अपमान ना करें। बहुत बोलने और खाने से जीभ बिगड़ती है। सादा भोजन करने से स्वास्थ्य सुधरता है और कम भोजन करने से जीवन संवरता है। जीभ सुधरने से सम्बन्ध सुधरते हैं और आँख सुधरने से मन सुधरता है।जिसकी जीभ सुधर गई, समझो उसका जीवन सुधर गया। सौ बात की एक बात - भोजन हो या साथ - यदि किसी को ज्यादा दे दो तो वह आधा अधूरा छोड़कर चला जाता है,, इसलिए जितनी जिसकी आवश्यकता हो उतना ही दें, जिससे दोनों का अपमान ना हो...। **नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल तलवाड़ा खुर्द में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। स्वतंत्रता दिवस संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल तलवाड़ा खुर्द में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें दसवीं व बारहवीं कक्षा की टॉपर छात्राओं आस्था मेहता व तान्या मेहता ने ध्वजारोहण किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह कम्बोज ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी और विद्यार्थियों से इन महान नेताओं के पद चिन्हों पर चलने की गुजारिश की ।स्कूल के प्रधानाचार्य मृण्मोय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ये दिन हमें हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्हीं की बदौलत हम आज एक आजाद देश में सांस ले पा रहे हैं। हमें इस आजादी को बनाए रखने के लिए देश की सेवा में तत्पर रहना चाहिए।बारहवीं की टॉपर छात्रा आस्था ने कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत बहुत आवश्यक है ।कार्यक्रम में बच्चों ने देश-भक्ति गीतों से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी । कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई बांटी गई ।

## महावीर इंटरनेशनल गढ़ी परतापुर की कपड़े की थैली मेरी सहेली रैली व सभा में 844बच्चों ने हिस्सा लिया




**गढ़ी परतापुर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल गढ़ी परतापुर द्वारा अजीत कोठिया के संयोजन, परेश पंड्या के संरक्षण, रामभरत चेजारा के निर्देशन, सुमन राठौड़ के मुख्य आतिथ्य एवम टीना सिसोदिया , मनस्वी वैष्णव व रिया श्रीमाली के विशिष्ट आतिथ्य में एक विशाल सिंगल यूज्ड प्लास्टिक प्रयोग विरोधी रैली एवं सभा मे पायोनियर इंस्टीट्यूशंस के 844 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। पायोनियर सभागार में पहुंचने से पूर्व बच्चो ने कपड़े की थैली मेरी सहेली, सिंगल यूज्ड प्लास्टिक प्रयोग बंद करो, प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ जैसे नारे लगाते हुए जन जागरण किया। सभा को संबोधित करते हुए अजीत कोठिया गवर्निंग काउंसिल सदस्य महावीर इंटरनेशनल एपेक्स ने बच्चो को पर्यावरण संरक्षण हेतु बाजार से कुछ भी खरीदते समय कपड़े के थैले के प्रयोग की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बच्चो ने एक दूसरे को तथा महावीर इंटरनेशनल सदस्यों को राखी बांध सिंगल यूज्ड प्लास्टिक प्रयोग न करने की शपथ ली। संचालन अजीत कोठिया ने किया, आभार रामभरत चेजारा ने व्यक्त किया।

## सी आर डी ए वी गर्ल्स कॉलेज,ऐलनाबाद में ''राखी बनाओ प्रतियोगिता'' का किया गया आयोजन



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। सी आर डी ए वी गर्ल्स कॉलेज,ऐलनाबाद में ''राखी बनाओ प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया, जिसमे 50 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन महाविद्यालय की प्रवक्ता दीपशिखा एवम शेफी सरदाना की देख रेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष ईश कुमार मेहता, प्रबंधकीय निदेशक जगदीश मेहता,कार्यकारी निदेशक डॉ. करुण मेहता ने सभी प्रतिभागी छात्राओं की प्रशंसा कर सफल कार्यक्रम की बधाई दी। कार्यकारी निदेशक डॉ करूण मेहता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि रक्षा बंधन का प्राथमिक महत्व भाइयों और बहनों के बीच के बंधन का उत्सव है। इस दिन, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं, जो एक-दूसरे के प्रति उनके प्यार, देखभाल और सुरक्षा का प्रतीक है। बदले में, भाई अक्सर अपनी बहनों को उपहार या प्रशंसा के प्रतीक देते हैं।इस प्रतियोगिता में बी.एस. सी. प्रथम वर्ष की प्रदीप प्रथम स्थान पर नीलम द्वितीय व सिमरन तृतीय स्थान पर रही ।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता मौजूद रहे।

# जीवन में गुणों की होती पूजा, संतों से प्रेरणा लेकर बदले अपना जीवन : आचार्य सुंदरसागर महाराज

## जीव जैसे राग द्वेष करता है वैसे ही उसके गुणस्थान बन जाते हैं, शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में वर्षायोग प्रवचन



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

जीवन में दाम की नहीं गुणों की पूजा होती है। साधु संतों ओर भगवान को गुणों से ही तौला जाता दाम से नहीं। जिनशासन में तो गुणों की पूजा होती है। जितना भी दान आता है साधु संतो के नाम से ही आता है। साधु संत ही मूर्ति को भगवान बनाते है। गुणों की पूजा होने से उन्हें अपने से चिपका ले। नमो लोए सव्वसाहूणं बोलते है ओर दाम भी लगाते है। संतों को देखकर अपना जीवन बदलना चाहिए। दाम नहीं साधु के जीवन को देखना चाहिए। ये विचार शहर के शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में चातुर्मासिक(वषायोग) प्रवचन के तहत शनिवार को राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागर महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिनशासन अगर पैसे का होता तो कोई भगवान नहीं बनता। महावीर वाणी सुनकर मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। भगवान को ढूंढने के लिए हम यहां वहां जाते है ओर मूर्तियां खरीदकर लाते है। जीवन में उतार-चढ़ाव आते है सीढियों को देखना चाहिए। आचार्यश्री ने कहा कि सीढ़ी से गिरते है तो स्वयं को बदलते है। सीढ़िया यदि उपर जाती है तो नीचे भी लाती है। जीव जैसे राग द्वेष करता है वैसे ही उसके गुणस्थान बन जाते है। देव,शास्त्र,गुरू के प्रति समर्पित होने पर ही आपकी इज्जत होती है। कर्मो के विनाश से ही भगवान बनेंगे। हमारी स्वयं की आत्मा सबसे बड़ा भगवान है। इससे पूर्व प्रवचन में मुनि श्री शुभमसागर महाराज ने कहा कि सभी जीव तीन बातो मैं यह कर चुका हूं, यह कर रहा हूं ओर यह मैं करूंगा में अटके होने से संसार सागर से पार नहीं हो सकते ओर संसार में भटकते रहते है। जीवन में पाप क्रिया करना छोड़ दो पुण्य क्रिया शुरू हो जाएगी। नियम उतने ही लेने चाहिए जितनी पालना कर सके। हद से ज्यादा नियम लेने पर बाद में संक्लेशता पैदा होती है। उन्होंने कहा कि महावीर को तो सारा विश्व मानता है पर जो महावीर की मानते है वो ही सच्चे भक्त होते है। अपने भावों को सुधारने के साथ दृष्टि बदले। रसेन्द्रियों व स्पर्शन्द्रियों के पीछे अपना जीवन मत नष्ट करो। सांयकालीन धर्मसभा में आयिका सुलक्ष्यमति माताजी ने असाता वेदनीय कर्म बंध के बारे में बताया। श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश पाटनी ने बताया कि सभा के शुरू में श्रावकों द्वारा मंगलाचरण,दीप प्रज्वलन,पूज्य आचार्य गुरूवर का पाद प्रक्षालन कर उन्हें शास्त्र भेंट व अर्ध समपर्ण किया गया। संचालन पदमचंद काला ने किया। महावीर सेवा समिति द्वारा बाहर से पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया वषायोग के नियमित कार्यक्रम श्रृंखला के तहत प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे भगवान का अभिषेक शांतिधारा, सुबह 8.15 बजे दैनिक प्रवचन, सुबह 10 बजे आहार चर्या, दोपहर 3 बजे शास्त्र स्वाध्याय चर्चा, शाम 6.30 बजे शंका समाधान सत्र के बाद गुरू भक्ति एवं आरती का आयोजन हो रहा है।

# उदयपुर संगिनी मैन ने वृद्धाश्रम में मनाया रक्षाबंधन पर्व



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** फेडरेशन के आश्रय सेवा पखवाड़े के तहत उदयपुर संगिनी मेन ने सेक्टर 14 स्थित माँ द्रोपदी वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ रक्षा बंधन का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने बताया कि संगिनी मैन की बहनों ने वहां निवासरत सभी भाइयों को कुमकुम तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया तथा सभी के हाथों पर रक्षा सूत्र बांधा व उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सभी के चेहरे खिल उठे तथा उपस्थित सभी भाईयों अपनी बहनों को व बहनों ने अपने भाइयों को याद किया व बहुत भावुक हो उठे तथा कुछ बुजुर्गों की आँखों से आँसू छलक उठे। ग्रुप सदस्य सरोज तलेसरा ने अपने जीवन साथी श्री हिम्मत तलेसरा के जन्मदिवस के पर वहाँ निवासरत सभी 80 वृद्धजनों को भोजन प्रसाद करवाया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रमिला जैन, उर्मिला जैन, सरोज तलेसरा, शिखा लोढ़ा, शीला सरूपरिया, मंजू सरूपरिया, नीलम पामेचा एवं सरोज के परिजनों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कराया।



# सक्षम ने मनाया दिव्यांग बच्चों के साथ रक्षाबंधन उत्सव



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। सक्षम ( समदृष्टि, क्षमताविकास एवं अनुसंधान मंडल)भीलवाड़ा ने सोना मनोविकास केंद्र में दिव्यांग बच्चों को रक्षासूत्र बांध कर रक्षाबंधन उत्सव मनाया। चेतन प्रकाश, सुभाष जैन ने दिव्यांग सेवा केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी। सोना मनो विकास केंद्र के अध्यक्ष प्रेमचंद जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सक्षम के प्रांत अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, सचिव चैतन्य प्रकाश पारीक, जिलाध्यक्ष सूर्य कुमार बोहरा, दिव्यांग सेवा केंद्र अध्यक्ष सुभाष जैन, प्रभु लाल सुवालका, मूल चंद लुहार, रमेश चंद्र असावा , राजेंद्र पारीक, प्रियतम कंवर, शकुंतला खमेसरा आदि कई सदस्य उपस्थित रहे ।

# मेरा रंग दे बसन्ती चोला... देश भक्ति आयोजन में गूंजे तराने

## संगिनी मेट्रो की सदस्याओं ने 78वां स्वाधीनता दिवस मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की संस्था संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो के तत्वावधान में जगतपुरा रोड स्थित फार्म हाऊस पर 'मेरा रंग दे बसन्ती चोला' देश भक्ति कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर 78 वां स्वतंत्रता दिवस भी मनाया गया। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा एवं अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत वन्दे मातरम्-से की गई। तत्पश्चात विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र का तीन बार सामूहिक उच्चारण किया गया। भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीपिका जैन कोटखावदा



के नेतृत्व में दीप प्रज्जवलन किया गया। नीतू जैन द्वारा नृत्य के साथ मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। सदस्याओं ने फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में चाचा नेहरू, रानी लक्ष्मी बाई, भारत माता, लता मंगेशकर,वसुन्धरा राजे, सुष्मिता सेन आदि का रोल प्ले कर सदस्याओं का मन मोह लिया। इस मौके पर सदस्याओं ने एक मिनट की प्रस्तुति दी एवं देशभक्ति के गीत गाए। ऐ मेरे वतन के लोगो... , सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा... , मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती....., ये देश है वीर जवानों का..... देश भक्ति गीतों पर नृत्य किये । दीपिका जैन कोटखावदा, अम्बिका सेठी, मैना जैन, रेखा पाटनी ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम संयोजिका नीतू जैन, अर्चना जैन ,अंजू जैन, सविता जैन ने तिरंगा थीम पर हाउजी का ज्ञानवर्धक गेम खिलाया। इस मौके पर मनोरंजक व अटपटे गेम भी करवाए गए। अध्यक्ष अंबिका सेठी ने स्वागत उदबोधन दिया। सचिव रेखा पाटनी ने मानव सेवार्थ गतिविधियों की जानकारी दी। नीतू जैन ने मंच संचालन किया। दीपिका जैन कोटखावदा, अम्बिका सेठी,मैना जैन, रेखा पाटनी, नीतू जैन एवं दीपा गोधा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

# माथुर वैश्य समाज की महिलाओं ने हरियाली उत्सव मनाकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली



**अंबाह. शाबाश इंडिया**

माथुर वैश्य समाज अंबाह की महिलाओं द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन श्रीमती पूजा गुप्ता के निवास पर किया गया। इसके उपलक्ष्य में समाज की महिलाओं ने पौधारोपण किया और सभी ने मल्हार,भजन एवं सावन के गीत गाकर परम्परानुसार त्योहार मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ममता गुप्ता ने की। श्रीमती अनीता गुप्ता ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए हरियाली महोत्सव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह महिलाओं का उत्सव है,आस्था,उमंग,सौंदर्य और प्रेम का यह त्योहार शिव पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। और इस समय प्रकृति के चारों तरफ हरियाली होने की वजह से इसे हरियाली तीज कहते है। इस दौरान महिलाओं ने पौधे लगाकर उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया। श्रीमती अजंली गुप्ता, शिखा गुप्ता ने बताया कि पौधारोपण हर किसी के लिए जरूरी है। इसलिए हमें पौधे लगाने चाहिए, जिससे प्रदूषण कम होता है। श्रीमती पूजा,रेखा,सुनीता, सीमा ने बताया कि सभी महिलाओं के लिए कबड्डी,खो खो, सांस्कृतिक नृत्य, झूला झूलों आदि कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।साथ ही पर्यावरण को बचाने की शपथ भी ली गई।

# नेट-थियेट पर घट-घट वासी

## तू तो घट घट वासी है, फिर मेरा घट क्यू.खाली है, छप्पन भोग सदा तू जीमे, मेरी थाली क्यूं खाली है...

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज घट-घट वासी कार्यक्रम में प्लेबैक सिंगर, कोरियोग्राफर और भजन कलाकार वीणा मोदानी ने अपनी मधुर और सुरीली वाणी से भजन की ऐसी सरिता प्रवाहित कि की सावन की फुहार में दर्शक भक्ति रस में हिलोरे लेने लगे । नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार वीणा मोदानी ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत आस लगाए बैठे हैं कब आओगे मेरे राम, रटन लगाए बैठे हैं, कब आओगे मेरे राम सुनाकर भजन की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने डॉक्टर विनोद सोमानी द्वारा लिखित भजन तू तो घट घट वासी है, फिर मेरा घट क्यू.खाली है, छप्पन भोग सदा तू जीमें, मेरी थाली क्यूं खाली है को बड़े ही सुरीले और मनोयोग से सुनाकर दर्शकों की तालियां बटोरी। सिंगर वीणा मोदी ने भजनों की लड़ी में तुम दीन दयालु हो, मैं तो एक पापी हूं, तेरे दर पर आया हूं, तुझ पार लगाना है। उसके बाद सतगुरु थारी सांची नाव, चुराया होगा माखन, औ नंद के नंदन, ये दिल चुराओ तो जानू आ जा ओ गिरधर नागर, राम की शरण बिना चैन कहां मन



और अंत में तड़पू में मोहन ये कैसी घड़ी है, दरस को पाने तेरे राधा खड़ी है जैसे भजनों को बडे ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इनके साथ तबले पर नवल डांगी की उंगलियों का जादू, वायलिन पर अशोक पवार और हारमोनियम पर रमेश मेवाल ने असरदार संगतकर भजनों की इस सुरीली शाम को भक्तिमय बना दिया। संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत विनोद सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा वीरेंद्र सिंह राठौड़,अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा...



















# शिविरार्थियों की निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर होगा सम्मान, जिनवाणी में रमने से मन की कलुषिता समाप्त होती है : मुनि प्रणम्य सागर जी**





## पांच दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर का रविवार को होगा समापन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पार्श्वनाथ कथा में श्री पार्श्व पुराण का वाचन किया गया। इस मौके पर मुनि श्री ने नरक की वेदना बताते हुए कहा कि नरक गति का यदि मानव में डर रहेगा तो स्वाभाविक रूप से प्राणी धर्म की ओर अग्रसर होगा। इससे पूर्व मुनि श्री ने नरक के दृश्यों पर प्रकाश डालते हुए उसमें होने वाले दुखों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पाप गति से गत्यान्तर होता है तो जीव 6 दिशाओं में भ्रमण करता है। और पुण्य गति से गत्यान्तर होता है तो ऊर्ध्व दिशा में ही गमन करेगा। हमें हमेशा अपने हृदय को जिनवाणी से भिगोना चाहिए जिससे मन की कलुषिता समाप्त हो। चित्त जितना सरल होता है वह उतना ही छल कपट रहित होता है। उधर पांच दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर के पांचवें दिन शनिवार को शिविरार्थियों ने मौन व एकान्त रहकर आत्म साधना करते हुए स्व कल्याण की क्रियाएं की।

रविवार को राजावत फार्म स्थित शिविर स्थल होटल रुद्रविला से मीरामार्ग के आदिनाथ भवन तक शिविरार्थियों की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन एवं अशोक गोधा ने बताया कि शिविरार्थी बाहरी सांसारिक गतिविधियों से दूर रहकर बिना मोबाईल के बिल्कुल मौन रहकर आत्म साधना कर रहे हैं। कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन एवं अशोक छाबड़ा ने बताया कि इस शिविर में मुनि श्री ने क्षणिक और सदैव व्यस्त जीवन एवं क्षण भंगुरता में कुछ क्षण स्वयं के लिए निकालने के उपाय बताएं। मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में लगाई गई। शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी की सजीव रचना की झांकी को देखने के लिए शनिवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उमड़े। अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर धर्म सभा में प्रवचन से पूर्व आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढ़ाया गया। तत्पश्चात समाजश्रेष्ठी मृदुल जैन, कविता जैन, प्रेक्षा जैन, चतक जैन श्री जी ज्वैलर्स मेरठ वालों ने संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात आदिनाथ टीवी चैनल के राजेश जैन, नीलम जैन परिवार ने मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन किया। समिति के कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन एवं अशोक गोधा ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में रविवार, 18 अगस्त को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा।इससे पूर्व शिविरार्थियों को राजावत फार्म एस एफ एस स्थित शिविर स्थल से गाजे बाजों के साथ आदिनाथ भवन लाया जाएगा। आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा के बाद शिविरार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर शिविरार्थी अपने पांच दिन के अनुभव सुनाएंगे। तत्पश्चात मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।

# वात्सल्य सेवा समिति ने 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया



**आगरा. शाबाश इंडिया।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वात्सल्य सेवा समिति द्वारा आगरा के शाहगंज स्थित अवधपुरी के टोरट पावर हाउस स्टेशन पर अमर शहीदों के बलिदानों को स्मरण करते हुए उनको नमन किया गया। इस मौके पर ब्रज प्रांत योग प्रमुख भगवान शंकर शर्मा द्वारा झंडा फहराया गयो तत्पश्चात उपस्थित सभी राष्ट्र भक्तों द्वारा तेज स्वर में राष्ट्रगान गाया गया और अमर शहीदों के सम्मान में नारे लगाएं उससे पूर्व वात्सल्य सेवा समिति परिवार द्वारा सभी आगंतुकों को तिरंगा पट्टी पहनाकर सम्मान किया और 78 वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।इस अवसर पर रश्मि जैन, रतिभा जैन, मीना जैन,रीता जैन,मोना जैन,रिंकी जैन,पुष्पा जैन,रागिनी जैन,प्रीती त्यागी अनीता शर्मा,माया शर्मा,भगवान शंकर शर्मा,रविंद्र जैन,नरेंद्र जैन,पीयूष जैन, दिव्यांशु जैन,कपिल जैन,अजय जैन, आगम जैन,अतिशय जैन,शुभम जैन, विनोद दीक्षित,अवधेश दीक्षित आदि की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत में आयोजक रश्मि जैन ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा--भरा नहीं है भावों से.बहती जिसमें रसदार नहीं। हृदय नहीं वह पत्थर हैजिसमें देश के प्रति प्यार नहीं।

**रिपोर्ट : शुभम जैन**

# बरसते पानी में जैन समाज ने निकाली तिरंगा रैली

## संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया वीर सपूतों को याद

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

स्वतन्त्रता दिवस की 78वी वर्ष गांठ पर बरसते पानी में दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में तिरंगा रैली निकाली गई जो गंज मन्दिर से प्रारंभ होकर वापिस गंज मैदान में आकर ध्वजारोहण समारोह में बदल गई जहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । 15 अगस्त को प्रातः काल से ही वारिस प्रारंभ हो गई ऐसे में गणतंत्र दिवस पर जैन समाज द्वारा आयोजित तिरंगा रैली कैसे निकाली जाए कुछ समय इंतजार करने के वाद तेज वारिस में ही रैली निकाली का निश्चय किया गया साढ़े आठ बजे गंज मन्दिर से रैली प्रारंभ हुई जो आचार्य श्री विद्यासागर द्वार भगवान महावीर मार्ग रैस्ट हाऊस गांधी पार्क प्रोफेसर रोड़ वजरिया इन्द्रापार्क नेहरू बाल उधान रोड़ होते हुए सुभाष गंज मैदान में ध्वजारोहण समारोह में बदल गई जहां जैन जाग्रति मंडल के संयोज में जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल ने ध्वजारोहण किया इसके बाद राष्ट्रगान किया गया ।



## बरसते पानी में युवाओं के उत्साह से निकाल रैली: विजय धुर्रा

इस अवसर पर जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज सुबह से ही बहुत तेज बारिश हो रही थी ऐसे में तिरंगा रैली निकाली बहुत कठिन लग रहा था लेकिन युवाओं के उत्साह से नगर के प्रमुख मर्गो से भारत माता कि जय वंदे मातरम राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत माहोल मे आयोजन सफल होने जा रहा है इस दौरान जैन जाग्रति मंडल के अध्यक्ष नितिन वज ने कहा कि आज हम सिटी पब्लिक स्कूल के सहयोग से विभिन्न संस्कृतियों कार्य क्रम करने जा रहे हैं बरसात हो रही है लेकिन आपके उत्साह से बच्चे उत्साहित होंगे ।आज का दिन शहीदों को याद कर उन्हें नमन करने का है।

## संस्कृतिक कार्यक्रम में दिखीं देश भक्ति की झलक

जैन जाग्रति मंडल के संयोजन में उत्साहित माहोल में बच्चो द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के जीवन को रेखांकित करने वाली सुंदर प्रस्तुति दी गई इसके बाद सीमा पर लड़ते जवानों की जांबाजी को वच्चो ने बहुत ही अच्छी तरह से तैयार कर प्रदर्शन किया इस के वाद गौरक्षा का सन्देश देते हुए सन 1857 की कांति के जनक मंगल पांडे की अंग्रेज कमांडरो से भिड़ंत के साथ कांति कारियों के बलिदान को प्रस्तुत किया गया ।

## शहीदों को यादकर पुष्प अर्पित किए

इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद ने अमर शहीद को याद करते हुए जैन समाज की ओर से अपनी भावभीनी विनियाजलि अर्पित की इस दौरान कमेटी कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री विपिन सिंघई उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेंद्र अमन मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार एडीटर संजय के टी जैन निर्मल मिर्ची हेमंत टडैया जैन जाग्रति मंडल अध्यक्ष नितिन वज नीलेश बड़कुल कपिल मिर्ची सहित अन्य प्रमुख जनो ने शहीदो को याद कर पुष्प अर्पित किए।

# जैन बैंकर फोरम द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वतंत्रता के 77 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एवं पर्यावरण रक्षण में सहयोग की भावना से जैन बैंकर फोरम जयपुर ने अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर नीम, महुआ, जामुन, हार श्रंगार, मीठा नीम, अशोक, गुलमोहर आदि प्रजातियों का पौधा रोपण किया गया। प्रातः 9 बजे संरक्षण परिवार के कार्यक्रम संयोजक राजेश जैन, अध्यक्ष पृथ्वीराज चौहान, संदीप, अंजू अग्रवाल, यतीश पाल सिंह आदि के सहयोग से अहिंसा पार्क, किसान मार्ग में पौधा रोपण किया गया। इस संस्था के पास ऐसे कार्यक्रम में सहयोग हेतु गड्ढे खोदने की मशीन उपलब्ध है, जिसका प्रयोग यहां पर भी किया गया। विशेष बात यह रही कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के साथ नितिन हायर सेकेंडरी स्कूल, बरकत नगर के बच्चे बड़े ही उत्साह के साथ बरसात की फौहारों के बीच सम्मिलित हुए। इसी क्रम में राजस्थान जैन सभा कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र शाह (चीकू) एवं रमेश शाह उपाध्यक्ष श्योजी गोधा के संयोजन में जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा श्योजी गोधा की नसियां में एवं काला भवन किसान मार्ग में पौधारोपण किया गया। सभी कार्यक्रमों में जैन बैंकर्स की ओर से राजेश जैन, सुकेश काला, जितेंद्र जैन, सुरेश जैन, कमल चंद जैन सेवा वाले, अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा आदि एवं दुगार्पुरा समाज की ओर से सुनील काला चंदलाई वाले ने सक्रिय भाग लिया एवं विभिन्न संस्थाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ा गया। इससे पूर्व जैन बैंकर्स फोरम के कोषाध्यक्ष एवं विरासत सोसायटी के अध्यक्ष कमल चंद जैन एवं मंत्री राजेंद्र जैन के संयोजन में सोसाइटी भवन में सभी परिवार के साथ मिलकर झंडारोहण किया गया। इस तरह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम द्वारा जल, वायु, ध्वनि, मृदा प्रदूषण जो ग्लोबल वार्मिंग का कारण भी है एवं वृक्षारोपण ही सबसे सरल एवं प्रभावी उपाय है, पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए





# जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था का रजत जयंती समारोह







## संगोष्ठी में आमजन को अंगदान के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

देहदान- नेत्रदान- त्वचा दान व रक्तदान के क्षेत्र में गत 31 वर्षों से कार्य कर रही जैन सोश्यल ग्रुप सेंट्रल संस्था के रजत जयंती समारोह के अवसर पर शनिवार राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर ''अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान जागृति'' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर संगोष्ठी में जयपुर के साथ-साथ देश भर से जुटे वक्ताओं ने अंगदान के प्रति आमदान में कैसे जागरूकता लाई जाए,इस पर गहन मंथन किया। आज रविवार को सुबह 10 बजे बिड़ला सभागार में 254 देहदानी परिवार एवं 23 त्वचादानी परिवारों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आयोजन में मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा की भाग लेने की संभावना है। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष कमल संचेती ने बताया कि आर आई सी में दधीचि देहदान समिति दिल्ली के सहयोग से हुई वाली ''अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान जागृति'' विषयक संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर किया। समारोह के विशिष्ठ अतिथियों में ,विश्व हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार और आयुष मंत्रालय दिल्ली के संयुक्त निदेशक विक्रम पगारिया। अतिथियों व वक्ताओं ने अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान के प्रति आमजन में कैसे जागरूकता लाई जाएं,इस पर मंथन कर आगामी रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर उप मुख्य मंत्री दीया कुमारी व केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सरकार की ओर से इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान राजस्थान के अलावा देश के कई मेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधि व कई संगठनों के आए प्रतिनिधियों ने भी विचार रखे।

### अंगदान स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

इससे पूर्व आज सुबह सी-स्कीम स्थित अंगदान स्मारक पर जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर, केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर ग्रुप के अध्यक्ष संजय सिंह बैद,सचिव सीए गुंजन छाजेड,नवीन डोसी,उत्तम खटोड़,सुमंत जैन,अरुण सिंघवी व सुरेन्द्र शाह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आज होगा 254 देहदानी परिवार एवं 23 त्वचादानी परिवारों का सम्मान

अध्यक्ष संजय सिंह बैद,सचिव सीए गुंजन छाजेड़ ने बताया कि अगले दिन रविवा को बिड़ला ऑडिटोरियम में देहदानी परिवारों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस मौके पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड,मुख्य अतिथि होंगे जबकि विशिष्ठ अतिथि केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी व ,विश्व हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दधीचि देहदान समिति दिल्ली के संरक्षक आलोक कुमार होंगे। इस मौके पर श्री जैन श्वेताम्बर संघ में चल रहे चातुर्मास के दौरान गुरुदेव श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर जी महाराज साहब का भी विषेष उद्बोधन होगा। कोर्डिनेटर सीए अशोक कुमार जैन हरकावत व सुधेंद्र चोरडिया ने बताया कि इस मौके पर 254 देहदानी परिवार एवं 23 त्वचादानी परिवारों का सम्मान किया जाएगा। संस्था के प्रयास से अब तक 254 देहदान विभिन्न मेडिकल कॉलेज में, 23 त्वचा दान एमएमएस मेडिकल कॉलेज में, 3300 से अधिक नेत्रदान एसएम एस हॉस्पिटल व राजस्थान आई बैंक सोसायटी को करवाए जा चुके हैं,साथ ही 15 हजार से अधिक रक्तदान भी विभिन्न शिविरों के माध्यम से संस्था के सौजन्य से करवाए गए हैं ।

# जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक के बहनों ने बांधे रक्षासूत्र





**सुशील चौहान. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। रक्षा बंधन से पूर्व लायंस क्लब भीलवाड़ा शक्ति के तत्वावधान में क्लब अध्यक्ष डॉ अनिता आर्य के नेतृत्व में क्लब की बहनों ने जिला कलक्टर नमित मेहता एवं एसपी राजेंद्र दुष्यंत के रक्षाबंधन के उपलक्ष पर सभी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा। इस मौके पर क्लब सचिव शोभा चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेंद्री राठी, उपाध्यक्ष ममता सिंहा, सुरभि चौधरी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। जैसे ही बहनों ने जिले के इन दोनों अधिकारियों के रक्षासूत्र बांधा तो सभी खुश हुए। बहनों ने जैसे ही कलक्टर व एसपी के कलाई पर राखी बांधी माहौल उत्साहमय हो गया। दोनों अधिकारियों ने बहनों की रक्षा करने का आश्वासन दिया। क्लब अध्यक्ष अनिता आर्य ने दोनों के लम्बी उम्र की कामना की।

# महिला जागृति संघ ने स्वतंत्रता दिवस उत्सव मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महिला जागृति संघ की तरफ से संत सुधासागर महिला जागृति विधास्थली भवन पर स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया गया । शशी जैन ने ने बताया कि श्रीमती मीरा पापड़ीवाल के कर कमलों द्वारा झंडारोहण किया गया व सरोज जैन ने सबका सम्मान किया साधना काला, शशी जैन, माला ठोलिया. रूबी, सरोज जैन, अंजना,कांता द्वारा देश भक्ति गीत गाए गए।

# युवा परिषद् हेरीटेज संभाग ने प्रकृति एवं पर्यावरण रखरखाव हेतु एक पेड़ एक संकल्प लिया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय दि जैन युवा परिषद् हेरीटेज संभाग की ओर से प्रदेश मंत्री विनोद पापडीवाल के नेतृत्व में प्रकृति एवं पर्यावरण रखरखाव हेतु श्री पुष्पदंत जिनालय झालेरो वाली तीनो नसियां बांस बदनपुरा स्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम संयोजक अंजना शाह अध्यक्ष रुपेन्द्र जैन ने अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत जिन अभिषेक शांतिधारा के साथ की गई इसके पश्चात सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ कर एक पेड़ एक संकल्प लिया ओर निरंतर प्रकृति एवं पर्यावरण रखरखाव हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन महामंत्री विमल बज प्रमुख समाज श्रेष्ठी राकेश पाटनी परम सरक्षक कमल दिवान वरिष्ठ सलाहकार अजीत सौगानी सांस्कृतिक मंत्री सुनीता गंगवाल सन्तोष छाबड़ा तीनों नसियां महिला मण्डल उपस्थिति रहे।

# सच्चा सुख मोक्ष मार्ग है: मुनिश्री 108 पावनसागर जी महाराज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा में परम पूज्य मुनि श्री 108 पावनसागर जी महाराज ने शनिवार दिनांक 17.08.2024 को मुनि मार्ग पर जाने के बारे में प्रवचन करते हुए बताया कि कोई भी मां अपने पुत्र को मुनी मार्ग पर जाने की अनुमति नहीं देती, एक बार अवश्य मना करती है। किंतु पुत्र के जिद करने पर कई ऐसी माताएं भी हैं जो पुत्र को मुनी बनने के लिए फिर अनुमति देती है। दृष्टांत के माध्यम से मुनी श्री ने बताया कि राजा के एक के बाद एक पुत्र होते गए और बारी-बारी से रानी ने उनको मुनि मार्ग पर जाने के संस्कार दिए वे सभी मुनि बनते गऐ छः पुत्रों के मुनि बनने पर राजा ने सातवें पुत्र को रानी के संस्कारों से दूर रखकर उसे राजा बनाने का संकल्प लियो सातवें बच्चे का जन्म हुआ तभी से उसको मां से अलग कर दिया और उसका लालन पालन दाई के यहां किया गया इस पुत्र को मां को देखने भी नहीं दिया न ही मां को दूध पिलाने दिया जिससे उसमें मुनि बनने के भाव न आवें बड़ा होने पर मां ने दाई के माध्यम से एक पर्ची पर संदेश लिखकर एक ताबीज में रखकर पुत्र के हाथ में बांधने के लिए भिजवाया और यह कहा कि उसे संकट के समय खोलकर पढ़े कुछ समय पश्चात उसे राजा बना दिया और राज्य करने लगो एक बार शत्रुओं ने उसके राज्य पर आक्रमण कर दिया । उसकी सारी सेना मारी गई। उसे शत्रुओं ने घेर लिया। अकेला शत्रुओं के बीच हाथी पर बैठा था तो उसको याद आया कि मेरी मृत्यु निश्चित है, मेरी मां ने जो ताबीज हाथ में बंधा हुआ है दिया था उसे संकट में खोलकर पढ़ने को कहा था। उसमें लिखा था अभी भी समय है इस संसार की मोह माया से परे होकर अपना कल्याण कर सकते हो उसने सोचा कि मेरी मृत्यु तो निश्चित है क्यों ना मैं अपना कल्याण करूं तो उसने हाथी पर बैठे-बैठे सभी वस्त्र, मुकुट, आभूषण उतार दिए और केशलोंच कर हाथी से नीचे उतरकर मुनी पद धारण कर लियो शत्रुओं ने मुनि पर वार करने से मना कर दिया तो वह मुनि जंगल की ओर चल दिया। इस दृष्टांत से यह स्पष्ट है कि उसके रगों में मां के संस्कारों का खून दौड़ रहा था वे संस्कार समाप्त नहीं हुए इसी कारण मुनि धर्म को अंगीकार किया कहा कि मैं इसी से अपनी समाधि लेकर मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ूंगा। इसी में सच्चा सुख है, यही मोक्ष का मार्ग है। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र काला ने बताया कि प्रवचन के शुभारंभ में दीप प्रज्वलन, शिखर चन्द जैन कासलीवाल ने, मंगलाचरण श्रीमती सुशीला सेठी ने किया। जिनवाणी भेंट करने का पुण्यार्जन लता पाटनी व सुनीता जैन को प्राप्त हुआ। पंडित अजित जैन ने जिनवाणी स्तुति की। सभी ने आचार्य श्री व मुनि श्री को अर्घ्य समर्पित किया।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर में आयोजित हुआ भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर में भव्य आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश रावका परिवार एवम विशिष्ट अतिथी.अजय विजय संजय कटारिया परिवार रहा । कार्यक्रम में झंडा रोहण कर्ता परिवार उत्तम चंद पांड्या परिवार खोरा वाले रहे । कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष एस के जैन द्वारा सभी का स्वागत किया गया । संस्थान के कार्याध्यक्ष प्रमोद जैन पहाड़िया ने संस्थान में हो









रहे नए नए प्रकल्पो से सभी को अवगत कराया । संस्थान के सयुक्त मंत्री दर्शन बाकलीवाल ने सभी को संस्थान के नव निर्माण से रूबरू कराया । कार्यक्रम मे संस्थान के मंत्री सुरेश कुमार जैन कासलीवाल, उत्तम चंद पाटनी, कमल जैन सेठी, वन्दना जैन, आदी ने भी शिरकत की ।अंत में संस्थान के प्राचार्य जी द्वारा सभी को धन्यबाद ज्ञापित किया । अंत में सभी को मिष्ठान्न का वितरण किया गया। संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवम छात्रावास की बालिका द्वारा नाटिका का मंचन किया गया । इस अवसर पर नवागत छात्र दीक्षा समारोह का भी आयोजन किया गया जिसके संस्थान के अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी को प्रतिज्ञा दिलाई गई।

